**सुविचार**
जब लोग अनपढ़ थे तो परिवार एक हुआ करते थे, हमने टूटे परिवारों में अक्सर पढ़े-लिखे लोग देखे हैं।


Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi



08
सालार को लेकर फैन्स की एक्साइटमेंट कई...


Ranchi ● Wednesday, 12 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 176 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,617.84 |
| निफ्टी | : | 19,439.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,590 |
| चांदी | : | 77.01 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### दुमका में कांवरियों को ले जा रही कार पेड़ से टकराई एक की गई जान

**DUMKA :** जिले के दुमका हंसडीहा मुख्य मार्ग पर कुरमाहाट के समीप मंगलवार की सुबह बासुकीनाथ नाथ से पूजा-अर्चना कर घर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकरा गई। हादसे में चालक की मौत हो गई जबकि चार कांवरिए घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सरैयाहाट पहुंचाया गया। बताया गया है कि कार में कुल पांच कांवरिए सवार थे। सभी बासुकीनाथ से पूजा-अर्चना कर घर बिहार के रोहतास लौट रहे थे। मृतक की पहचान रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के तेलारी गांव निवासी 26 वर्षीय राहुल शर्मा के रूप में हुई है। घायलों में गोविंद शर्मा, रितेश शर्मा, सरोज शर्मा एवं कामेश्वर शर्मा हैं। कार में सवार डब्लू शर्मा बाल-बाल बच गया।

### पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश की रिम्स में मौत

**GIRIDIH :** जिले के कोलीमारन गांव में पिछले दिन एनकाउंटर के दौरान पुलिस की गोली से घायल अपराधी दुर्गा महतो का रिम्स में इलाज के क्रम में सोमवार की देर रात मौत हो गयी। नोडल अधिकारी सह डीएसपी संजय राणा ने भी बताया कि उसके मौत की सूचना मिली है। फिलहाल जानकारी जुटाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि मृतक दुर्गा महतो और उसके गिरोह के साथ बीते सात जुलाई के देर रात गिरिडीह के कोलीमारन गांव में गश्ती पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई थी।

### नौशेरा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकी ढेर

**RAJOURI :** भारतीय सेना ने मंगलवार को कहा कि राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकी को मार गिराया है। एक बयान में जम्मू स्थित सेना के प्रवक्ता ने बताया कि उनके सतर्क सैनिकों ने एक बड़े आपरेशन में नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया था। उन्होंने कहा कि 10 जुलाई की आधी रात को नौशेरा में नियंत्रण रेखा पर तैनात भारतीय सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा के पार से अपनी सीमा की ओर संदिग्ध रूप से बढ़ रहे आतंकियों के एक समूह की संदिग्ध गतिविधि देखा।

### नीति आयोग की नौ सदस्यीय टीम पहुंची रांची

**RANCHI :** नीति आयोग की नौ सदस्यीय टीम मंगलवार को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंची। रांची एयरपोर्ट पर नीति आयोग के स्पेशल एडवाइजर नीरज सिन्हा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि झारखंड में चल रही केंद्र की योजनाओं की राशि के भुगतान को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा राज्य और केंद्र के बीच हुई आर्थिक समझौते सहित विभिन्न मुद्दों पर बुधवार को मुख्यमंत्री से चर्चा होगी। सिन्हा ने कहा कि बुधवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक में सभी विभागों के प्रिंसिपल सेक्रेटरी और चीफ सेक्रेटरी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के साथ यह पांचवी बैठक होने जा रही है। नीति आयोग की टीम में विनोद कुमार पॉल, नीरज सिन्हा, थयगराजू बीएम, एए सोमकुसैर, नमन अग्रवाल, एस जी सिंधे, सुमन सौरव, अमृत कौर, नीलम पटेल शामिल हैं।

# ED निदेशक के सेवा विस्तार पर SC ने केंद्र को दिया झटका

## संजय मिश्रा का तीसरा सेवा विस्तार अवैध करार, 31 को हो जाएंगे रिटायर

**AGENCY NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि ईडी डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाने का केंद्र का फैसला गैर-कानूनी है। कोर्ट के इस आदेश के बावजूद मिश्रा 31 जुलाई तक पद पर बने रहेंगे। तब तक सरकार को नए चीफ की नियुक्ति करनी होगी। पहले संजय मिश्रा को 18 नवंबर को रिटायर होना था। केंद्र ने अध्यादेश के जरिए उनका कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाया था, जबकि कोर्ट पहले ही कह चुका था कि दूसरी बार के बाद संजय मिश्रा का कार्यकाल न बढ़ाया जाए। इस मामले में सरकार का तर्क है कि संजय मिश्रा की जगह लेने के लिए अभी कोई दूसरा अफसर तलाश नहीं किया जा सका है। वे अभी मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामलों की निगरानी कर रहे हैं। ऐसे में नई नियुक्ति के लिए हमें थोड़ा और समय चाहिए। केंद्र के फैसले के खिलाफ कॉमन कॉज एनजीओ की याचिका पर जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संजय करोल की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने 8 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 2021 में कार्यकाल बढ़ाने वाले कानून में हुए बदलाव को वैध बताया है। कोर्ट ने कहा कि किसी भी जांच एजेंसी के डायरेक्टर के कार्यकाल को बढ़ाया जा सकता है, लेकिन सरकार को इसकी ठोस वजह लिखित में बतानी होगी।


सुप्रीम कोर्ट।


ईडी डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा।

**कौन हैं ईडी डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा**

केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने झटका देते हुए ईडी के निदेशक संजय कुमार मिश्रा के सेवा विस्तार को अवैध करार दिया है। यही नहीं शीर्ष अदालत ने उन्हें 31 जुलाई तक दफ्तर खाली करने का आदेश दिया है और कहा कि तब तक केंद्र सरकार को उनके विकल्प पर विचार करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने रणदीप सिंह सुरेजावाला, जया ठाकुर और टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा की अर्जी पर कहा कि संजय कुमार मिश्रा का सेवा विस्तार अवैध है। सुप्रीम कोर्ट ने जब 2021 के अपने एक फैसले में इस बारे में राय दी थी तो फिर यह फैसला गलत है। तब कोर्ट ने कहा था कि संजय मिश्रा को नवंबर 2022 के बाद विस्तार नहीं मिल सकता। संजय कुमार मिश्रा को पहली नियुक्ति 2018 में मिली थी, जिसका कार्यकाल नवंबर 2020 में समाप्त होना था। इसके बाद उन्हें एक साल का विस्तार मिला था, जिसे एक एनजीओ ने शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। तब कोर्ट ने उन्हें मिले एक साल के को मंजूरी दे दी थी।

**2021 में कोर्ट ने सरकार को एक्सटेंशन नहीं देने का आदेश दिया**

केंद्र ने नवंबर 2018 में संजय मिश्रा को दो साल के लिए ईडी का डायरेक्टर नियुक्त किया था। इसके बाद उन्हें रिटायर होना था, लेकिन सरकार ने उन्हें एक साल का एक्सटेंशन दे दिया। इस फैसले को कॉमन कॉज नाम के एनजीओ ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सितंबर 2021 में कोर्ट ने मिश्रा को मिले एक्सटेंशन को बरकरार रखा था। कोर्ट ने इसके साथ ही कहा था कि मिश्रा को अब आगे इस पद पर कोई एक्सटेंशन नहीं दिया जाएगा। केंद्र सरकार नवंबर 2021 में सेंट्रल विजिलेंस कमीशन एक्ट में बदलाव करके एक अध्यादेश ले आई। इस संशोधन में प्रावधान था कि जांच एजेंसी ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों के डायरेक्टर को पांच साल तक का एक्सटेंशन दिया जा सकता है। इसके बाद 17 नवंबर 2022 को सरकार ने 18 नवंबर 2023 तक के लिए संजय मिश्रा का कार्यकाल फिर बढ़ा दिया। केंद्र के इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती मिली। कांग्रेस नेता जया ठाकुर, रणदीप सुरजेवाला, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, साकेत गोखले की तरफ से याचिका दायर की गई। याचिकाकताओं ने कहा कि ईडी एक ऐसी संस्था है, जो देश और हर राज्य के सभी तरह के मामलों की जांच करती है। ऐसे में इसको स्वतंत्र होना चाहिए।

# बंगाल पंचायत चुनाव में TMC की बंपर जीत

## भाजपा का भी दिखा दम, दूसरे स्थान पर

**AGENCY KOLKATA :** पश्चिम बंगाल में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव के लिए 11 जुलाई को काउंटिंग हुई। वोटों की गिनती सुबह 8 बजे शुरू हुई। शाम साढ़े सात बजे तक ग्राम पंचायत की 27,985 सीटों पर रिजल्ट आ गया। टीएमसी ने ग्राम पंचायत की 18,606 सीटें जीत लीं। वहीं, 8,180 सीटों पर आगे चल है। उधर, भाजपा ने 4,482 सीटों पर जीत हासिल की और 2,419 सीटों पर आगे चल है। कांग्रेस ने 1,073 सीटें जीत लीं और 693 सीटों पर आगे है। सीपीआई (एम) ने ग्राम पंचायत की 1,424 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं, लेफ्ट फ्रंट ने 1,502 सीटें जीतीं। बंगाल पंचायत में ओवैसी की पार्टी की भी एंट्री हो गई। एआईएमआईएम ने बंगाल ग्राम पंचायत की 3 सीटें जीतीं। मालदा में पार्टी 2 और मुर्शिदाबाद में 6 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। पंचायत समिति में टीएमसी ने 118 सीटों पर जीत दर्ज की और 782 सीटों पर आगे रही। वहीं, भाजपा 79 और कांग्रेस 8 सीटों पर बढ़त बनाए हुए थी। जिला परिषद में भी टीएमसी ने 18 सीटें जीतीं और 64 सीटों पर बढ़त बनाए थी। हालांकि, जिला परिषद की सीटों में अभी बीजेपी का खाता भी नहीं खुला है। बंगाल में 8 जुलाई को कई बूथों पर हिंसा और बूथ कैप्चरिंग की घटनाओं के बीच 80.71% मतदान हुआ था। 8 जून को चुनाव का शेड्यूल सामने आने के बाद से चुनावी हिंसा में 10 जुलाई तक 36 लोग मारे जा चुके हैं। बूथ कैप्चरिंग की शिकायतों के बाद चुनाव आयोग ने सोमवार (10 जुलाई) को 19 जिलों के 697 बूथों पर दोबारा वोटिंग करवाई। वोटिंग 69.85% हुई और हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई।


ममता बनर्जी की फाइल फोटो।

# कैंसर की इंपोर्टेड दवाइयों पर अब नहीं लगेगा TAX

## जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिया गया फैसला

- गेमिंग-हॉट रेसिंक कैसिनों पर 28% जीएसटी
- जीएसटी ट्रिब्यूनल गठन को भी दी गई मंजूरी



**AGENCY NEW DELHI :** जीएसटी काउंसिल की 50वीं बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। नई दिल्ली में विज्ञान भवन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में हुई इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई और फैसले लिए गए। इसमें वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी शामिल हैं। इनके साथ ही इसमें राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्री और केंद्र सरकार और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे। बैठक में लिए गए बड़े फैसलों की बात करें तो ऑनलाइल गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने का निर्णय लिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस बैठक में लिए गए अन्य बड़े फैसलों की बात करें तो काउंसिल ने जीएसटी ट्रिब्यूनल के गठन को मंजूरी दी गई है। जीएसटी ट्रिब्यूनल के गठन होने से करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। ट्रिब्यूनल के बनने के बाद जीएसटी से जुड़े विवादों को आसानी से निपटाया जा सकेगा। इसके तहत महाराष्ट्र में 7 और पश्चिम बंगाल में 2 ट्रिब्यूनल बनाए जाएंगे। इसके अलावा अब कैंसर की इंपोर्टेड दवा पर आईजीएसटी नहीं लगाया जाएगा।

### धनबाद जज की हत्या में सीबीआई ने मांगी इंटरपोल की मदद

**RANCHI :** धनबाद के जज उत्तम आनंद की मौत की जांच को लेकर हाईकोर्ट द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से प्रगति रिपोर्ट पेश की गई। अधिवक्ता ने बताया कि इसमें लार्जर कॉन्सपेरेंसी है। इसलिए इसमें इंटरपोल की मदद मांगी गई है। मामला अत्यंत गंभीर है इसमें फरदर इन्वेस्टिगेशन की आवश्यकता है। जिसके लिए केंद्र सरकार के गृह विभाग में आवेदन दिया गया है। जो अभी लंबित है। अदालत ने सीबीआई को फरदर प्रगति रिपोर्ट अदालत में पेश करने को कहा है मामले की अगली सुनवाई 19 सितंबर तय की गई है।

# दुष्कर्म मामले में फंसे JMM के हजारीबाग जिला अध्यक्ष

## पार्टी ने किया निलंबित, जांच को बनाई समिति


**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** एक महिला ने झामुमो के हजारीबाग जिला अध्यक्ष संभू लाल यादव पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। वहीं राजनेता ने शिकायतकर्ता पर पैसे ऐंठने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए खुद को फंसाए जाने का आरोप लगाया है। महिला ने यादव के खिलाफ विष्णुगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि वह रांची दौरे के दौरान झामुमो के नेता से मिली थी।

इस बीच हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने कहा- हमें महिला से शिकायत मिली थी। झामुमो नेता ने भी जवाबी शिकायत दर्ज कराई है। हम दोनों शिकायतों की जांच कर रहे हैं। वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है कि दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराने के अलावा, महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि संभू लाल यादव ने उस पर व्यापार में निवेश के लिए 30 लाख रुपये देने का भी दबाव डाला। महिला का कहना है कि उसने यादव को लगभग 11 लाख रुपये का भुगतान भी किया है। संभू लाल यादव ने स्वीकार किया कि वह शिकायतकर्ता को जानता है। यादव ने महिला पर पैसे ऐंठने के लिए झूठा फंसाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह हर तरह की जांच के लिए तैयार है। यादव ने कहा- मैं महिला से पहली बार लगभग 18 महीने पहले रांची में राज्य सचिवालय में मिला था। मुझे नहीं पता कि उसने ऐसे आरोप क्यों लगाए। वह मुझसे पैसे मांग रही है। 9 जुलाई को वह मेरे घर आई थी जब उसने मेरी पत्नी पर हमला किया और उसकी सोने की चेन भी छीन ली।



# मुखिया को रिश्वत लेते ACB ने पकड़ा

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** हजारीबाग जिला अंतर्गत बरकट्ठा प्रखंड के झुरझुरी पंचायत के मुखिया सुमन कुमार को एसीबी की टीम ने चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। हजारीबाग एसीबी की टीम ने डोभा निर्माण के बाद शेष राशि की निकासी के लिए पांच हजार रुपये रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। एसीबी ने मंगलवार को शिकायतकर्ता ग्राम झुरझुरी निवासी मुकेश कुमार पिता मणि महतो के आवेदन पर कार्रवाई की। डोभा निर्माण कार्य के शेष पैसे की निकासी के लिए मास्टर रौल पर हस्ताक्षर करने के लिए मुखिया सुमन कुमार के द्वारा पांच हजार रुपये घूस कि मांग की गई थी।



### NIA ने कश्मीर घाटी में पांच स्थानों मारे छापे

**JAMMU :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में सक्रिय प्रतिबंधित पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की नई शाखाओं पर एक बार फिर कार्रवाई करते हुए कश्मीर घाटी के तीन जिलों अनंतनाग, शोपियां और पुलवामा में पांच स्थानों पर छापे मारे। एजेंसी ने एक बयान में कहा है कि एनआईए ने कश्मीर घाटी के तीन जिलों अनंतनाग, शोपियां और पुलवामा में पांच स्थानों पर छापे मारे और बड़े पैमाने पर आपत्तिजनक डेटा वाले कई डिजिटल उपकरण जब्त किए।

# विधानसभा सत्र 28 से, कैबिनेट ने लगाई मुहर

## रांची में हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल की बैठक में 35 प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से चार अगस्त, 2023 तक आहूत है। मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक में इसपर मुहर लगी। इस बैठक में कुल 35 प्रस्तावों पर सहमति बनी है। इस बैठक में डीवीसी कमांड एरिया में चार ग्रिड सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव पारित हुई। इसके अलावा झारखंड राज्य अमीन संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा-शर्त) (संशोधन) नियमावली-2023 के गठन की स्वीकृति के साथ-साथ नेतरहाट पर्यटन विकास प्राधिकार के गठन और राज्य पर्यटन संवर्धन समिति के पुर्नगठन की स्वीकृति दी गई।

**इन प्रस्तावों को मिली सहमति**

- झारखंड राज्य में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लागू करने के लिए विस्तृत मार्गदर्शिका जारी करने की स्वीकृति
- झारखंड राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों के लिए सहायक आचार्य संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2023 की स्वीकृति
- तमिलनाडु में झारखंड के प्रवासी श्रमिकों की समस्याओं की समीक्षा एवं निराकरण के लिए भेजे गये विभागीय प्रतिनिधि के सदस्य अभिषेक वर्मा, श्रम अधीक्षक, रामगढ़ (वेतनमान लेवल-9) द्वारा की गई वायुयान की यात्रा की घटनोत्तर स्वीकृति
- कार्यभारित स्थापना से नियमित स्थापना में लाये गये कर्मियों को सेवांत लाभों की अनुमान्यता की स्वीकृति दी गई
- बीरेन्द्र यादव एवं अन्य बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में दिनांक सात फरवरी, 2019 को झारखंड हाईकोर्ट द्वारा पारित न्यायादेश के अनुपालन के आलोक में याचिकाकत्ताओं की सेवा नियमितीकरण की स्वीकृति

## भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष ने क्रेंदीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं से की मुलाकात

# मरांडी दिल्ली में, साध रहे झारखंड की सियासत

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं। दिल्ली प्रवास के दूसरे दिन बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। कहा जा रहा है कि दोनों दिग्गज नेताओं की इस शिष्टाचार मुलाकात में झारखंड की राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियों पर चर्चा हुई। बाबूलाल मरांडी ने गृहमंत्री को झारखंड की मौजूदा सियासी हालात की जानकारी दी। बाबूलाल मरांडी ने मुलाकात की तस्वीर ट्विटर में साझा करते हुए लिखा कि आज गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई। इस दौरान झारखंड के विकास के संदर्भ में विस्तृत चर्चा हुई। बता दें कि सोमवार को बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की थी। इसकी भी तस्वीरें सामने आई थी। बीजेपी ने 2024 को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए कई राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष बदले हैं। इसी क्रम में झारखंड में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की जगह बाबूलाल मरांडी को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद बाबूलाल मरांडी का यह पहला दिल्ली दौरा है। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड बीजेपी के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी से भी मुलाकात की। गौरतलब है कि आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व में झारखंड जैसे आदिवासी बहुल्य राज्य में पार्टी की कमान एक आदिवासी नेता को सौंपने का फैसला किया है। बाबूलाल मरांडी संताल आदिवासी समुदाय से आते हैं जिनकी आबादी झारखंड में काफी है। बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर बीजेपी ने संताल परगना की 18 विधानसभा और 3 लोकसभा सीटों को साधने का प्रयास किया है। बाबूलाल मरांडी ना केवल आदिवासी बल्कि गैर-आदिवासी समुदाय के बीच भी अच्छी पकड़ रखते हैं। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यों की आज भी प्रशंसा होती है। यही नहीं, चूंकि बाबूलाल मरांडी वर्ष 2006 के बाद किसी सरकार का हिस्सा नहीं हैं इसलिए विपक्ष के पास उनपर हमला करने के लिए भ्रष्टाचार या प्रशासनिक अक्षमता जैसे मुद्दे भी नहीं होंगे।


केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करते बाबूलाल मरांडी ● ट्विटर

# बेंगलुरु में कंपनी के MD-CEO को काटा

**AGENCY BENGALURU :** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां पर एक टेक कंपनी के पूर्व कर्मचारी ने कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ को तलवार से मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने बताया कि घटना उस वक्त हुई जब मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ दोनों ऑफिस में थे। दोनों की इलाज के लिए अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। वहीं, आरोपी पूर्व कर्मचारी फरार है। बताया जाता है कि आरोपी भी टेक से संबंधित बिजनेस ही चला रहा था। मारे गए दोनों शख्स उसके बिजनेस में हस्तक्षेप कर रहे थे। शुरूआती जांच में सामने आया है कि आरोपी फेलिक्स एयरोनिक्स कंपनी का पूर्व कर्मचारी था। नौकरी छोड़ने के बाद उसने अपना बिजनेस शुरू किया था। बताया जाता है कि आरोपी के मन में एयरोनिक्स कंपनी के एमडी फणिंद्र को लेकर काफी ज्यादा गुस्सा था। यह गुस्सा इसलिए था क्योंकि फणिंद्र अक्सर उसके कामकाज को लेकर सवाल उठाया करता था।


जांच-पड़ताल करती पुलिस।

# सूकर पालन कर अपनी आमदनी बढ़ाएं पशुपालक : मंत्री बेबी देवी



लाभुक को अनुदानित सामग्री सौंपती मंत्री बेबी देवी साथ में अन्य लोग • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BOKARO :** प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत 20 लाभुकों को मंत्री बेबी देवी, सीओ अशोक कुमार सिन्हा, बीडीओ संजय सांडिल्य, जिला मत्स्य पदाधिकारी पेरीसेठ्ठी भारगई आदि ने शत प्रतिशत अनुदान पर सुकर का वितरण किया। 11 जुलाई मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में भलमारा, सुरही, खरपीटो, अहारडीह, चिरुडीह आदि पंचायत के लाभूक मौजूद थे। मौके पर मंत्री बेबी देवी ने कहा कि लाभुकों को स्वरोजगार के लिए सूकर दिया जा रहा है। सूकर पालन कर पशुपालक अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। राज्य सरकार की ओर से सूकर के अलावा कृषकों पशुपालकों के बकरा, बतख चूजा, कुरकूट आदि का भी वितरण किया जा रहा है।




## मुख्यमंत्री से मिला अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधिमंडल

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अल्पसंख्यक समुदाय रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के समस्याओं से अवगत कराया और इन समस्याओं के निराकरण के लिए उनसे अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल में मुस्ताक आलम, शमशेर आलम, मोख्तार अहमद, डॉ. तारिक हुसैन, एस अली एवं हाजी फिरोज शामिल थे। • फोटोन न्यूज



## मुख्यमंत्री से मिले सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेड्डी

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में सीसीएल सीएमडी डॉ। बी। वीरा रेड्डी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। मुख्यमंत्री से उन्होंने कोयला के उत्पादन एवं प्रेषण में 2023-24 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उत्पादन एवं प्रेषण लक्ष्य प्राप्त होने से राज्य को राजस्व की प्राप्ति में वृद्धि भी होगी। डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने राज्य सरकार की ओर से इस कार्य के लिए सहयोग किए जाने का विश्वास जताया। • फोटोन न्यूज

# UCC कानून पर मुंह खोलें हेमंत सोरेन और बाबूलाल : लोबिन

## नहीं तो दोनों नेताओं के खिलाफ आदिवासी सड़क पर उतरेंगे



**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक लोबिन हेंब्रम ने एक बार फिर अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून लाने जा रही है, लेकिन हमारे मुख्यमंत्री चुप हैं। इससे सबसे ज्यादा नुकसान हम आदिवासियों को होगा। उसके बावजूद एक आदिवासी मुख्यमंत्री का चुप रहना बेहद ही निराशाजनक है. उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि वह भी एक आदिवासी हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने इस कानून को लेकर और आदिवासियों को होने वाले नुकसान को लेकर कुछ नहीं कहा है। इसलिए दोनों नेताओं को इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ते हुए इसका विरोध करना चाहिए, नहीं तो आने वाले दिनों में दोनों नेताओं का आदिवासी समाज सड़क पर उतर कर विरोध करेगा. ये बातें उन्होंने मंगलवार को अपने आवास पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

स्थानीय मुद्दे को लेकर फिर विधानसभा में अपनी बात रखेंगे लोबिन हेंब्रम ने कहा कि वे गुरुजी के चेला हैं। गुरुजी ने हमेशा बताया कि गलत चीज का विरोध करना चाहिए। इसलिए पार्टी में रहकर भी गलत चीजों का विरोध करते हैं। पिछले दिनों पार्टी कार्यसमिति की बैठक में शामिल नहीं होने के बारे में कहा कि पार्टी उनके खिलाफ अनाप-शनाप बोलती है। बागी कहती है। इसलिए वह बैठक में क्यों जाएंगे। स्थानीय मुद्दे को लेकर फिर इस बार विधानसभा में अपनी बातों को रखेंगे।

## मंत्री मिथिलेश ने विभागीय कार्यालय का किया निरीक्षण, लगाई फटकार



**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्य के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मंगलवार को नेपाल हाउस स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई अधिकारी और कर्मचारी ऑफिस से नहीं दिखे। ऑफिस देर से आने के लिए मंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जमकर फटकार लगायी। मंत्री ने सभी को अपनी जिम्मेदारी समझने की हिदायत दी। उन्होंने विभाग के सचिव को अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही देर से आने वाले अधिकारियों के चेंबर को बंद करने को कहा। मंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकारी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी समय की पाबंदी ड्यूटी आवर खत्म होने के समय देखते हैं लेकिन दफ्तर आने के लिए ये समय की पाबंदी नहीं देखते। मंत्री ने कहा कि सभी सही टाइम पर ऑफिस आये और विभाग के विकास को गति लाने का काम करें।

## BRIEF NEWS

### राज्यपाल से मिले भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी



**RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को राजभवन में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे राष्ट्रहित में सदैव कुशलतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करें।

### लोहरदगा में परिवार नियोजन पखवाड़ा शुरू



**LOHARDAGA:** विश्व जनसंख्या दिवस पर मंगलवार को परिवार नियोजन पखवाड़ा की शुरूआत शुभारंभ उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने की। सदर अस्पताल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ने कहा कि आज बढ़ती जनसंख्या बहुत बड़ी समस्या है। भारत भी इस समस्या से जूझ रहा है। स्वास्थ्य विभाग को परिवार नियोजन के तरीकों लोगों के बीच बढ़िया से प्रचार-प्रसार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सौ फीसदी दें। उपायुक्त ने जिले में चल रहे स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की सराहना की। सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम 31 जुलाई तक चलेगा।

### मजदूरों की बेमियादी हड़ताल छठे दिन भी जारी, बायोमेट्रिक सिस्टम का विरोध



**KODERMA :** लैंड लूजर मजदूरों का पिछले 6 जुलाई से चल रहा अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा। झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन शाखा, बांझेडीह के अध्यक्ष राजेंद्र यादव, सचिव विजय पासवान और डीवीसी कामगार यूनियन के विनोद पासवान ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बायोमेट्रिक सिस्टम का का यूनियन विरोध करती है। डीवीसी केटीपीएस, बांझेडीह मेन गेट पर ठेका मजदूरों के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम लगाया जा रहा है। मजूदर नेता ने कहा कि 6 दिन बीतने के बाद भी डीवीसी के द्वारा कोई ठोस डिसीजन नहीं लिया गया है। मजदूरों की मीटिंग 12 जुलाई बुधवार को शाम 5 बजे एडीएम बिल्डिंग के प्रांगण में बुलाई गई है। इस बैठक में रोजगार देने और बायोमैट्रिक सिस्टम के मुद्दे पर चर्चा की जायेगी। प्लांट के मजदूरों से बैठक में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

# CM सारथी योजना से बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार

## गोमिया प्रखंड कार्यालय के समीप प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में उपस्थित सहियाएं • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BOKARO :** गोमिया प्रखंड कार्यालय के समीप मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत एसजीआरएस एकेडमी की ओर से आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। स्टेट कॉर्डिनेटर अब्दुल जब्बार अंसारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना का उद्देश्य 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवक और युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराना है। इच्छुक लाभार्थियों को रांची में तीन माह का निशुल्क ट्रेनिंग कराया जाएगा। जिसमें रहने खाने की व्यवस्था भी निशुल्क होगी। बताया गया कि बेरोजगार युवकों को ऑटोमेटिक इलेक्ट्रिशियन, स्मार्टफोन असेंबली टेक्नीशियन, आटोमोटिव वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर, सोलर पीवी इंस्टॉलर, फिटर फैब्रिकेशन, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन व बेरोजगार युवतियों को सिलाई, ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइन, कंप्यूटर ट्रेनिंग (एडीसीए), स्पोकन इंग्लिश और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट आदि की ट्रेनिंग देने के उपरांत प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इन लाभार्थियों को राज्य सरकार उनके योग्यता के आधार पर रोजगार मुहैया कराएगी। यदि रोजगार नहीं मिलती है तो युवकों को राज्य सरकार 1 वर्ष तक प्रतिमाह एक हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देगी। इस अवसर पर प्रतीक प्रसाद, अरुण कुमार पासवान, जितेंद्र सिंह, मंटू राम, शिवकांत रविदास सहित आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थी।

# झारखंड दौरे पर नीति आयोग टीम की आज होगी CM के साथ बैठक




सांकेतिक तस्वीर • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** नीति आयोग की टीम मंगलवार शाम दो दिवसीय झारखंड दौरे पर पहुंच रही है। बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन के साथ राज्य के विकास योजनाओं पर बैठक होगी। जानकारी के अनुसार, दोपहर 12:30 बजे सीएम हेमंत सोरेन आला अधिकारियों के साथ नीति आयोग की टीम के साथ बैठक करेंगे। इसमें केंद्र और राज्य की योजनाओं पर समन्वय बनाने पर विशेष तौर पर चर्चा होगी।

**रॉयल्टी पर भी हो सकती है चर्चा**

जानकारी के अनुसार, सीएम हेमंत नीति आयोग के समक्ष अपनी विभिन्न मांगों को रखेंगे। इसमें कई योजनाओं में केंद्रांश की रोयल्टी राशि का भुगतान भी शामिल है। इससे पहले भी हेमंत मनरेगा की राशि लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं।

**अधिकारी जानेंगे योजनाओं की जमीनी हकीकत**

अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान नीति आयोग की टीम बैठक के अलावा केंद्रीय योजनाओं का मुआयना भी करेगी। इस दौरान योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने की कोशिश की जाएगी। झारखंड में चल रही केंद्रीय योजनाओं में तेजी लाने को लेकर भी जरूरी दिशा-निर्देश देगी।

## 2023 - 24 के लिए भारत सरकार को 5200 केज का भेजा गया प्रस्ताव

# कृषि विभाग के सचिव ने मत्स्य योजनाओं के बारे में केंद्रीय मंत्री को दी जानकारी



**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्य के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने मंगलवार को राज्य में मत्स्य उत्पादन एवं संभावनाओं के संदर्भ में केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला को जानकारी दी। उन्होंने तमिलनाडु के महाबलीपुरम में नेशनल फिश फार्मर्स डे पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में यह जानकारी दी। सिद्दीकी ने कहा कि राज्य में माइनिंग पिट में केज कल्चर की योजना दो साल से नवाचार के रूप में शुरू की गई है, जिसका सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। राज्य में केज कल्चर को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है और वर्तमान में झारखंड राज्य के अंदर 7500 से ज्यादा केज लगाए गए हैं। 2023- 24 के लिए 5200 केज का प्रस्ताव भारत सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा गया, जिसकी स्वीकृति दी जाए। उन्होंने कहा कि जिस वक्त झारखंड बिहार से अलग होकर नया राज्य बना, उस वक्त राज्य में 14 हजार मैट्रिक टन मछली का उत्पादन हुआ करता था लेकिन आज राज्य में मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में 20 गुना वृद्धि दो लाख 80 हजार मैट्रिक टन का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। अगले दो साल में तीन लाख 70 हजार मैट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। राज्य में केज कल्चर को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि सचिव ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि तटीय राज्यों में सागर मित्र की चलाई जा रही योजना की भांति झारखंड राज्य सहित अन्य राज्यों को मत्स्य मित्र की भी योजना का लाभ दिया जाए।

झारखंड की मिट्टी कठोर स्वभाव की है, और भारत सरकार की ओर से निर्धारित इकाई लागत कम है, जिसे बढ़ाने की जरूरत है। कृषि सचिव ने भारत सरकार से हजारीबाग और दुमका में एक्वा पार्क निर्माण के लिए सहयोग की मांग की और अन्य प्रजाति जैसे मांगुर,सिंघी पंगास आदि प्रजाति के मत्स्य सीड के लिए दूसरे राज्य पर निर्भर नहीं रहना पड़े । मॉडर्न हेचरी, ब्रुड बैंक योजना की स्वीकृत एवं तकनीकी सहयोग दिया जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड में स्टेट ऑफ आर्ट के रूप में एक फिश एक्वेरियम हाउस के निर्माण की जरूरत है, जिसमें केंद्र सरकार का सहयोग अपेक्षित है।

## दिवंगत जगरनाथ महतो के क्षेत्र में चंपई सोरेन ने योजनाओं का किया शिलान्यास



समारोह में उपस्थित ग्रामीणों का जन समूह व मंचासीन अतिथिगण • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BOKARO :** सूबे के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग एवं परिवहन विभाग के मंत्री चंपई सोरेन व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी ने संयुक्त रूप से सोमवार 10 जुलाई को नावाडीह प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित ऊपरघाट के पलामू के बाजारटांड में विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट अंतर्गत काच्छो पंचायत के दलकिरो, बरई के कोनारटांड, कंजकिरो के पिलपिलो, पलामू के छोटकीकुड़ी व भंडरकुदर में मांझी हाउस, पोखरिया पंचायत के परगोड़ा, मुंगो-रंगामाटी के नावाडीह कला, पलामू के बडकाडीह, काच्छो पंचायत के गोड़गोड़वा, पलामू के गोबराजोत में सरना स्थल/जाहेरथान की घेराबंदी योजना शामिल है। शिलान्यास समारोह में प्रखंड के प्रेम कुमार मुर्मू को चार पहिया वाहन सहित पांच लाभुकों कलावती देवी, इंदूबाला देवी, खेमिया देवी, अविनाश कुमार को ढाई लाख की परिसंपति दी गई। सभी लाभुकों को मंत्री चंपई सोरने व बेबी देवी ने चेक दिया। इसके अलावे सड़क दुर्घटना में घायल दो व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने वाले नावाडीह के निरंजन महतो व आबिद राय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आदिवासी स्वागत नृत्य ने मंत्री का मन मोहा मंत्री चंपई सोरेन व बेबी देवी के स्वागत में स्थानीय आदिवासी महिलाओं ने पारंपारिक वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत कर सबों का मन मोह लिया।

# चिटफंड-नन बैंकिंग कंपनी से जब्त पैसों को लौटाने के लिए बनाई गई 6 सदस्यीय कमेटी

## HIGH COURT को राज्य सरकार ने दी जानकारी, 8 अगस्त को होगी अगली सुनवाई




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** चिटफंड घोटाला मामले में निवेशकों के डूबे पैसा की वापसी को लेकर दायर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य याचिकाओं की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में सीबीआई और राज्य सरकार ने पूरक शपथ पत्र दाखिल किया। शपथ पत्र में राज्य सरकार ने बताया है कि वैसे निवेशकों, जिनके पैसे चिटफंड कंपनियों एवं नन बैंकिंग कंपनियों द्वारा गबन कर लिए गए हैं उनके पैसों की वापसी को लेकर सीआईडी के आईजी की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। कमिटी चिटफंड एवं नन बैंकिंग कंपनियों से सीज किए गए पैसों को किस प्रकार निवेशकों को वापस किया जाए, इस पर विचार करेगी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई 8 अगस्त को होगी। कोर्ट को बताया गया कि कमेटी को सीबीआई द्वारा चिटफंड से संबंधित सभी केस की विस्तृत जानकारी, इन केस की वर्तमान स्थिति एवं गबन के शिकार निवेशको की सूची आदि उपलब्ध कराई जाएगी।

## HC को राज्य सरकार ने बताया, ध्वनि प्रदूषण कम करने को लेकर लाउडस्पीकर व डीजे ऑपरेटरों को किया जा रहा जागरूक

**RANCHI :** शहर में बैंकट हॉल , धर्मशाला, मैरिज हॉल में लाउडस्पीकर एवं डीजे के साथ रात 10:30 बजे के बाद बारात लगने से ध्वनि प्रदूषण रूल का उल्लंघन होने को लेकर दाखिल झारखंड सिविल सोसाइटी की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई, मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। वही झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। मामले की अगली सुनवाई 8 अगस्त को होगी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने पैरवी की। मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि 6 मार्च 2023 को डीजे साउंड एंड लाउडस्पीकर ऑपरेटर्स की एक बैठक एसडीओ , रांची ने बुलाई थी। इसमें उन्हें ध्वनि प्रदूषण को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें बताया गया कि देर रात डीजे, लाउडस्पीकर बजाने पर नियम का वायलेशन होगा, जिसके तहत केस भी दर्ज किया जाएगा। कोर्ट को बताया गया की बिहार, झारखंड कंट्रोल ऑफ यूज एंड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट के तहत कई केस रांची शहर में दर्ज किए गए हैं। अस्पतालों एवं कुछ घनी आबादी के पास साइलेंस जोन का बोर्ड लगाया गया हैं। दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि रात 10:30 बजे के बाद बारात लगने से ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर क्या एक्शन लिया गया। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि शहर के आवासीय इलाके में बने बैंकट हॉल, धर्मशाला, मैरिज हॉल आदि जगहों पर रात 10:30 बजे के बाद बारात को लगने की अनुमति नहीं दी जाए। लाउडस्पीकर या डीजे के शोर-शराबे के साथ रात 10:30 बजे के बाद इन जगहों पर बारात लगती है। लेकिन धर्मशाला, मैरिज हॉल संचालकों द्वारा के उन्हें 10:30 बजे के पहले बरात लगाने को नहीं कहा जाता है। रात 10:30 बजे के बाद लाउडस्पीकर एवं डीजे के शोर-शराबे के साथ बारात लगने से आवासीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। यह ध्वनि प्रदूषण रूल का उल्लंघन है। सरकार को इस पर रोक लगाना चाहिए। साथ ही ध्वनि प्रदूषण के प्रावधान का पालन करना चाहिए। रात 10:30 के बाद वेंकट हॉल, धर्मशाला आदि जगहों पर लाउडस्पीकर या डीजे के साथ बारात लगाने की स्वीकृति नहीं दी जानी चाहिए।

## स्वास्थ्य मंत्री के भाई गुड्डू गुप्ता समेत 22 लोगों को आरोपी बनाने के मामले में पीड़िता की ओर से बहस पूरी, आज भी होगी सुनवाई

**RANCHI :** जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपी बनाए जाने को लेकर जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में पुलिस एवं सीआईडी दोनों की केस डायरी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गई, कोर्ट ने इसका अवलोकन किया। मामले में पीड़िता ( सूचक ) की ओर से बहस मंगलवार को पूरी हो गई। जिसके बाद प्रार्थी की ओर से पीड़िता की ओर से उठाए गए कुछ बिंदुओं पर जवाब के लिए समय की मांग की गई है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि बुधवार निर्धारित की है। इससे पहले बीते सोमवार को राज्य सरकार की ओर से बहस पूरी हो गई थी। 16 प्रार्थी की ओर से पूर्व में ही बहस पूरी हो चुकी है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा मामले में चल रही कार्यवाही (ट्रायल) पर अगली सुनवाई तक रोक बरकरार रखी है। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता एके कश्यप ने पैरवी की , वही पीड़िता की ओर से अधिवक्ता देवेश अजमानी ने पैरवी की। दरअसल, पीड़िता की मां ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी अजय केरकेट्टा और तत्कालीन एमजीएम थाना प्रभारी इमदाद अंसारी समेत 22 लोगों को आरोपी बनाने के लिए जमशेदपुर की स्पेशल कोर्ट में अर्जी दी थी। ये अर्जी कोर्ट ने मंजूर कर ली है और सभी 22 लोगों को मामले में आरोपी बनाने और ट्रायल चलाने का आदेश दिया है।

## परिवहन सचिव को आज सशरीर उपस्थित होने का दिया निर्देश

**RANCHI :** परिवहन विभाग द्वारा इंटर स्टेट बस परमिट से संबंधित आवेदन 1 साल से अधिक समय तक लंबित रखने के एक मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को कड़ी नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मामले में बुधवार को परिवहन सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने पैरवी की। दरअसल परिवहन विभाग ने 2022 में इंटर स्टेट बस परमिट एलॉट करने के लिए जनरल नोटिफिकेशन निकाला था। इसमें बसों के लिए नया परमिट देने एवं रिनुअल करने का भी प्रावधान रखा गया था। प्रार्थी मोहम्मद कलीम की ओर से इंटरस्टेट बस परमिट के लिए ट्रांसपोर्ट सचिव के पास आवेदन दिया गया था, लेकिन उनके आवेदन को लंबित रखा गया। जिसके बाद प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई।

## मनी लांड्रिंग मामले में ED के गवाह का बयान हुआ दर्ज

**CRIME REPORTER RANCHI :** अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को ईडी के गवाह विनोद जायसवाल का बयान कोर्ट के समक्ष दर्ज करवाया गया। विनोद जायसवाल साहिबगंज जिले के खनन व्यवसायी हैं। उन्होंने अपनी गवाही में कोर्ट को बताया कि उन्हें क्रशर का लाइसेंस मिला जरूर था लेकिन उनका क्रशर पंकज मिश्रा ने जबरदस्ती ले लिया और उसे पंकज मिश्रा के लोग ही चलाते थे। क्रशर चलाने के एवज में चार लाख रुपये गैरकानूनी तरीके से लिए जाते थे, जिसमें से दो लाख रुपये पंकज मिश्रा को दिया जाता था। रोजाना साहिबगंज जिले से करीब 1500 ट्रक पत्थर दूसरे राज्यों और अन्य जिलों में भेजा जाता था। इसके लिए ट्रक वालों से पैसे लिए जाते थे। इस पैसे में भी पंकज मिश्रा को कमीशन मिलता था।। ईडी की ओर से गवाही पूरी होने के बाद अब बुधवार को विनोद जायसवाल से बचाव पक्ष यानी पंकज मिश्रा की ओर से क्रॉस एग्जामिनेशन किया जाएगा। गवाही के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार और पंकज मिश्रा की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा मौजूद थे।

## बुंडू में धान कारोबारी को अपराधियों ने मारी गोली

### 2.5 लाख रुपये लूटकर हुए फरार, कारोबारी के पैर व जांघ में लगी गोली

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची के बुंडू थाना क्षेत्र के बुंडू सरजमडीह पथ पर स्थित साप्ताहिक बंजारा बाजार में मंगलवार को अपराधियों ने धान और लाह के कारोबारी रौशन भगत को गोली मारकर जख्मी कर दिया। कारोबारी पुराना बाजार टोली बुंडू के निवासी हैं। पुलिस का कहना है कि तीन अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। कारोबारी को गोली मारने के बाद दुकान में रखा हुआ ढाई लाख रुपये भी अपराधी लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर बुंडू पुलिस मौके पर पहुंची और कई लोगों से पूछताछ किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। कारोबारी को गोली लगने के बाद पहले बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया वहां से मेडिका में भर्ती कराया गया। डाक्टरों के अनुसार कारोबारी की स्थिति सामान्य है। कारोबारी को पेट और जांघ में गोली लगी है। कारोबारी रौशन भगत सुबह दुकान खोलकर ग्राहक के इंतजार में बैठा हुआ था। लेकिन ग्राहक की जगह अपराधी पहुंच गए। वर्षो से स्थानीय कारोबारी तैमारा, रामपुर, बंजारा ब्यानगडीह आदि साप्ताहिक हाट-बाजारों में धान, लाह का कारोबार कर रहा है। उसे उम्मीद नहीं थी कि उसके साथ अपराधी लूटपाट की घटना को अंजाम देंगे।




रांची के बुंडू क्षेत्र में गोलीबारी की जांच करती पुलिस ● फोटोन न्यूज

### BIKE सवार तीन अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम, पिस्टल छोड़कर भागे

पुलिस का कहना है कि तीनों अपराधी बाइक से आए थे। दो अपराधी दुकान पहुंचे थे और एक अपराधी बाइक के में बैठा हुआ था। दुकान में पहुंचे दोनों अपराधियों ने कारोबारी से पैसे की मांग की तो कारोबारी ने पैसा देने से इंकार दिया। इसी बात पर अपराधियों ने कारोबारी को गोली मार दिया। घटना के अंजाम देने के बाद अपराधी पैसा लेकर भाग रहे थे तो उनका पिस्टल घटना स्थल पर गिर गया। पुलिस को घटना स्थल से एक खोखा मिला है।

## बीज घोटाला : मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने दोबारा कोर्ट में प्रस्तुत किए दस्तावेज

**CRIME REPORTER RANCHI :** 46.10 करोड़ के बीज घोटाला मामले के अभियुक्त तत्कालीन कृषि मंत्री और वर्तमान श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज पिटीशन पर एसीबी की विशेष अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अपने ऊपर लगे आरोपों के बचाव में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अदालत में दोबारा साक्ष्य प्रस्तुत किये। मंत्री ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से आरटीआई से मिले दस्तावेज कोर्ट में प्रस्तुत किया। इसके बाद



अदालत ने डिस्चार्ज पिटिशन पर अगली सुनवाई के लिए 22 जुलाई की तिथि निर्धारित की है।

बता दें कि बीज घोटाला का मामला वर्ष 2003 से 2005 के बीच का है। एसीबी ने अपनी जांच में पाया था कि यह घोटाला 46.10 करोड़ रुपये का है। वर्ष 2009 में आरोपियों के खिलाफ निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसमें तत्कालीन कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री नलिन सोरेन, तत्कालीन कृषि सचिव वी जयराम और निस्तार मिंज समेत अन्य को आरोपी बनाया गया। फिलहाल अदालत में आरोपियों के खिलाफ आरोप तय होना है। लेकिन आरोप गठन से पूर्व आरोप मुक्त कराने के लिए आरोपियों द्वारा डिस्चार्ज पिटिशन फाइल किया गया है।

## अफसर अली ने ईडी कोर्ट में जमानत की लगाई अर्जी

**RANCHI :** सेना के कब्जे वाली जमीन सहित अन्य भूमि की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाले के आरोपित अफसर अली ने जमानत के लिए मंगलवार को कोर्ट में गुहार लगाई है। अफसर अली ने अधिवक्ता के माध्यम से रांची ईडी की विशेष अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की है। फिलहाल जमानत याचिका पर सुनवाई की तिथि निर्धारित नहीं हुई है। इससे पहले अमित अग्रवाल और दिलीप घोष ने भी जमानत याचिका दाखिल की थी लेकिन दोनों को ईडी कोर्ट ने जमानत देने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी थी।

## कृष्णा साहा से फिर राज उगलवाएगी ED, कोर्ट ने दी तीन दिनों की रिमांड

**CRIME REPORTER RANCHI :** 1000 करोड़ के अवैध खनन केस में गिरफ्तार साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा से ईडी दोबारा पूछताछ करेगी। रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के विशेष कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिवक्ता ने कृष्णा साहा को एक बार फिर रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत कोर्ट से मांगी। एऊ की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक


फाइल फोटो।

शिव कुमार उर्फ काका जी की बहस सुनने के बाद ईडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने यह अनुमति दी है कि ईडी रिमांड पर लेकर कृष्णा साहा से 3 दिनों तक पूछताछ कर सकती है।

**कृष्णा साहा से पहले 5 दिनों तक पूछताछ की गयी थी :** बता दें कि ईडी ने पिछले बुधवार को लंबी पूछताछ के बाद कृष्णा साहा को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद ईडी ने कोर्ट से इजाजत लेकर कृष्णा साहा से 5 दिनों तक पूछताछ की थी। इस पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं। साहिबगंज जिले के पतना अंचल क्षेत्र के चपांडे पहाड़ में 30 जून की रात अवैध खनन के दौरान दो मजदूरों की मौत मामले में रंगा थाने में पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### रात 8.30 बजे रांची एयरपोर्ट से भरेगा उड़ान, सेवा शुरू करने की तिथि जल्द होगी जारी

## रांची-हैदराबाद की INDIGO की नई उड़ान होगी शुरू

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची से हैदराबाद के बीच अब दूसरी विमान भी उड़ान भरने को तैयार है। इंडिगो एयरलाइंस के द्वारा रांची हैदराबाद और हैदराबाद रांची की सेवा शुरू की गई है। हालांकि इंडिगो की की तीसरी सेवा हैदराबाद रांची दिल्ली की पहले से भी चल रही है। नई सेवा शुरू करने की तिथि जल्द ही जारी कर दी जाएगी। नया विमान रात 8.30 बजे रांची एयरपोर्ट से उड़ान भरेगा। इससे पहले चल रही रांची हैदाराबाद विमान सुबह 11.30 बजे रांची एयरपोर्ट से उड़ान भर रही है। इस सेवा के शुरू होन के बाद यहां से हैदराबाद जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। लगातार हैदराबाद के लिए रांची से अन्य विमान की मांग की जाती रही है, जिसके बाद यह सेवा शुरू की गई है। ज्ञात हो कि अभी रांची एयरपोर्ट से 33 फ्लाइट उड़ान भरती है, नए विमान के बाद यह 34वां विमान होगा जो रांची से उड़ान भरेगा।




**अभी हाल में ही देवघर के रांची को मिली है विमान :** अभी हाल में ही देवघर के लिए रांची से यात्रियों को विमान की सेवा मिली है। साथ ही रांची से दिल्ली के लिए अतिरिक्त विमान दी गई है। साथ ही चैन्नई, कोलकाता, पटना, मुम्बई, पुणे, बेंग्लरू, लखनऊ, भुवनेश्वर, अहमदाबाद, गोआ आदि जगहों के लिए विमान सेवा पहले से ही चल रही है। इसमें कुछ एयरलांइस कंपनियों ने एक से अधिक विमान दिए है, जिसकी सेवा रांची से मिल रही है।

### एयरपोर्ट पर आठ मिनट तक नहीं लगेगा पार्किंग शुल्क

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट अथारिटी ने पार्किंग शुल्क में मामूली बदलाव किए हैं। मंगलवार को अधिसूचना जारी की गई है जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसमें निजी निजी वाहनों से लेकर पिकअप व व्यवसाय वाहन के पार्किंग के समय और पार्किंग शुल्क में बदलाव किया गया है। पहले निजी वाहन को पिक एंड ड्राप के लिए 5 मिनट का समय मिलता था, अब उसे बढ़ाकर 8 मिनट कर दिया गया है। आठ मिनट तक किसी भी वाहन से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। लेकिन आठ मिनट से अधिक समय होने पर निजी वाहन से 30 रुपये, तो व्यवसायिक वाहन से 115 रुपये लिए जाएंगे।

## चोरी की स्कॉर्पियो के साथ खरीदार समेत तीन धराए

**CRIME REPORTER RANCHI :** ओरमांझी पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। घटना के 35 दिन बाद स्कॉर्पियो चोरी करने के आरोप में स्कॉर्पियो के खरीदार सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी हुई स्कॉर्पियो बंगाल से जब्त की है। पकड़े गए अपराधियों में बिहार के छपरा जिले का मुकेश कुमार सिंह, बाढ़ पटना का सुशील कुमार उर्फ गोलू और स्कॉर्पियो खरीदार गुप्ता जी बंगाल निवासी शामिल है। इस संबंध में स्कॉर्पियो के चालक ने चार जून को ओरमांझी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसके बाद पुलिस ने एक टीम गठित कर स्कॉर्पियो जब्त कर ली। बताया जाता है कि गिरोह के सदस्य पटना से स्कॉर्पियो रिजर्व कर तमाड़ के दिउड़ी मंदिर में पूजा करने के लिए आए थे। दिउड़ी मंदिर में पूजा करने के बाद पटना लौटने के क्रम में ओरमांझी थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास बसंत बिहार नामक होटल में खाना खाने के लिए रुके थे। खाने के क्रम में स्कार्पियो चालक पटना निवासी दिलीप मंडल के खाना में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया था।

## BRIEF NEWS

### आज से 26 जुलाई तक सिरमटोली-कांटाटोली मार्ग रहेगा अवरुद्ध

**RANCHI :** फ्लाई ओवर निर्माण कार्य के कारण बुधवार से 26 जुलाई तक सिरमटोली-कांटाटोली मार्ग अवरुद्ध रहेगा। बहुबाजार से वाहनों को परिचालन परिवर्तित मार्ग से होगा। बहुबाजार से कांटाटोली जाने वाले सभी प्रकार के वाहन संत पाल स्कूल, बसरटोली मार्ग होते हुए कांटाटोली जाएगा। बिशप स्कूल की ओर से बसरटोली मार्ग पर वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। निर्माण कार्य करने वाली कंपनी ने ट्रैफिक एसपी से उक्त अवधि में मार्ग परिवर्तित करने का अनुरोध किया था।

### महिला ने छेड़खानी और जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**RANCHI :** बूटी इलाके में रहने वाली महिला नीतू देवी ने पवन पाल पर छेड़खानी और जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए बीआईटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि वह बीआईटी इलाके में स्थित अपने जमीन पर काम करा रही थी। तभी आरोपित अपने साथियों के साथ पहुंचा और बदस्लूकी करने के बाद छेड़खानी करने लगा। जमीन पर काम कर रहे मजदूरों को भगा दिया और जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच चल रही है।

### आरटीसी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने प्राचार्य को घेरा

**RANCHI :** ओरमांझी के आरटीसी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने मनमाना फीस लेने की शिकायत करते हुए अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में प्राचार्य डॉ तमाल कुमार दास का घेराव किया। 2020 बैच के छात्र को सीसीबी पैटर्न (थर्ड पार्टी कंपनी) के तहत दाखिला मिला था। इसमें छात्र से एक वर्ष में सत्र वार 15000-15000 रुपए लिए जाते थे। शेष 38,000 छात्रवृत्ति से प्राप्त होते थे। लेकिन इस वर्ष छात्रवृत्ति 78,000 रुपए आई है। अब छात्रों से सारी छात्रवृत्ति राशि मांगी जा रही है। हालांकि प्राचार्य ने जल्द उचित निर्णय लेने का भरोसा दिलाया है।

### निर्धन जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह 16 को

**RANCHI :** एमआरएसश्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की बैठक विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान हरमू रोड स्थित शिवगंज स्थित सत्संग भवन में हुई। इसमें 11 निर्धन जोड़ों के आदर्श सामुहिक विवाह के आयोजन को लेकर चर्चा हुई। स्वामी सदानंद के निर्देशानुसार आदर्श सामुहिक विवाह रविवार 16 जुलाई को संस्था के पुंदाग स्थित निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर प्रांगण में मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम में प्रातः आठ से एक बजे तक होगा। इस बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने की। इस बैठक मे उपाध्याय निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### प्रयोगशाला-पुस्तकालय की सुविधा शाम तक दें : राय

**RANCHI :** रांची विश्वविद्यालय (आरयू) के मोरहाबादी परिसर स्थित विभिन्न विभागों का म्मंगलवार को झारखंड के विश्वविद्यालय निरीक्षक संजीव राय ने निरीक्षण किया। बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर के विभिन्न विभागों में सुविधाओं की जांच की। इसके बाद डीन ऑफिस में सभी विभागों के अध्यक्ष के साथ बैठक कर छात्र केंद्रित प्रेजेंटेशन देकर आरयू को और बेहतर करने के सुझाव भी दिए।

atomy美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# जनसेवकों के आंदोलन को मिला जिले के सभी सरकारी सेवकों का प्रत्यक्ष साथ

## पदाधिकारियों ने कहा, मैं जनसेवक के साथ, वेतन, पेंशन पर कोई प्रहार नहीं सहेगा




**PHOTON NEWS RAMGARH:** राज्य में कार्यरत लगभग 1.25 लाख पदाधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाला राज्य का सबसे बड़ा संगठन NMOPS/JHAROTEF के आह्वान पर पुरे जिलें के लगभग सभी कार्यालयों में पदाधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने मैं जनसेवक के साथ हूँ सहित वेतन पेंशन पर कोई प्रहार, नहीं सहेगा कर्मचारी परिवार लिखित बिल्ला लगाकर कार्यों का निष्पादन किया। इसके साथ ही सभी ने एक स्वर में सरकार को कर्मचारी एकता का परिचय देते हुए ये चेतावनी दी की राज्य के किसी भी संवर्ग के वेतन झ पेंशन पर यदि कोई भी प्रहार होगा तो राज्य के सभी कर्मचारी एक साथ प्रत्यक्ष आन्दोलन पर उतर जायेंगे। आज का बिल्ला लगाकर काम करने का कार्यक्रम इसकी झांकी है, यदि अगले 2 दिनों में कृषि विभाग जनसेवकों के वेतन घटाने संबंधी आदेश को निरस्त कर वार्ता करते हुए माँगों को पूरा करने का स्पष्ट आदेश नहीं निकालती है तो, जिलें के सभी सरकारी सेवक **jharotef** के दिशा निर्देश पर पिछले 64 दिनों से चल रहे जनसेवक आन्दोलन में प्रत्यक्ष भागीदारी करने को बाध्य होंगे। ज्ञात हो कि झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर राज्य के सभी जनसेवक 09.05.2023 से अपने वेतनमान घटाने के विरोध में और 11-सूत्री लंबित मांगों को लेकर पिछले 64 दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल में हैं। इस पर भी कृषि विभाग और सरकार के स्तर से लगातार चुप्पी से न सिर्फ जनसेवक संवर्ग बल्कि पुरे राज्य के सभी कर्मचारियों में अपने वेतनमान के प्रति असुरक्षा का भाव और रोष पैदा कर रहा है। उक्त ह्लमहाधरना कार्यक्रमह्न में श्छह (जनसेवक ) संवर्ग का साथ NMOPS/ JHAROTEF, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, सहित अन्य सभी पदाधिकारी / शिक्षक / कर्मचारी संगठनों ने दिया। सभी संवर्गों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में सरकारी सेवकों के हितों के विरुद्ध नियुक्ति और सेवा शर्त नियमावली, वेतनमान, ग्रेड-पे संबंधी विभागीय षड्यंत्र का एक स्वर में विरोध करते हुए श्छह (जनसेवक) के ग्रेड-पे को घटाने सम्बन्धी आदेश को तत्काल निरस्त कर माँगें पूरी करने की बात कही है।

# अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन की ओर से गई कार्रवाई



**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ः रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में खनन निरीक्षक श्री विनोद बिहारी प्रमाणिक द्वारा चलाए गज जांच अभियान में सोमवार शाम को कुज्जु थाना अंतर्गत कुज्जु गिद्दी मेन रोड, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप एक हाइवा वाहन को बिना परिवहन चालान के लगभग 20 मीट्रिक टन कच्चे कोयले का परिवहन करने का दोषी पाया गया जिसके उपरांत वाहन को जब्त कर कुज्जु थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के उपरांत आगे की कार्यवाई की जा रही है।

## BRIEF NEWS

### एफपीओ के माध्यम से पैक्स को मजबूत करना विषय पर एक दिवसीय सम्मेलन 14 जुलाई को दिल्ली में

**RAJRAPPA:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आगामी 14 जुलाई को नई दिल्ली में श्एफपीओ के माध्यम से पैक्स को मजबूत करनाश् विषय पर एक दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे. सम्मेलन का उद्देश्य किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओं) के माध्यम से प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करना है। कॉन्क्लेव में क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ-साथ देशभर के एफपीओ सदस्य भी भाग लेंगे। यह जानकारी राखी परमार यंग प्रोफेशनल मार्केटिंग राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (भारत सरकार) (क्षेत्रीय कार्यालय राँची) ने दी।

### काफी लंबे इंतजार के बाद राय रेलवे स्टेशन के दो और तीन नंबर प्लेटफार्म बनने की मिली मंजूरी




**PIPARWAR:** काफी लंबे इंतजार के बाद आखिरकार रेलवे प्रबंधन के द्वारा राय रेलवे स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म और तीन नंबर प्लेटफार्म का ऊंचाईकरण करने का कार्य करने की मंजूरी दे दी है। इस मामले को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार की शाम राय रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म बनाने को लेकर भूमि पूजन का कार्य विधि विधान के साथ पूरा किया गया। प्लेटफार्म को बनाने का कार्य बुधवार से शुरू किए जाने की संभावना व्यक्त की गई है। ज्ञात हो कि वर्ष 2005 से राय रेलवे स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म का ऊंचाईकरण करने, फुट ओवरब्रिज का निर्माण करने, विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव करने, शौचालय की व्यवस्था करने समेत अन्य मांगों को लेकर पिपरवार विकास मंच के बैनर तले एवं अन्य सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के द्वारा आंदोलन किया जा रहा था। जिसमें 5 मई 2005 को बड़े पैमाने पर रेल रोको आंदोलन भी चलाया गया था। करीब 18 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद रेलवे प्रबंधन के द्वारा रेलवे स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म और तीन नंबर प्लेटफार्म का ऊंचाईकरण करने का कार्य शुरू किए जाने की जानकारी मिलने के बाद पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच काफी खुशी देखी जा रही है। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर स्टेशन प्रबंधक संजीव कुमार, ठेकेदार बिजय सिंह, टिकट विक्रेता निखिल कुमार, आरपीएफ के दिनेश कुमार चौधरी एवं आईडब्ल्यू के पदाधिकारी और स्टाफ उपस्थित थे।

### महर्षि मेँही ध्यान योगाश्रम कर्णपुरा क्षेत्र का भूमि पूजन



**BHADHAKAGAW:** बड़कागांव बुढ़वा महादेव परिसर के डुमारो जाने वाली मार्ग में महर्षि मेँही ध्यान योगाश्रम कर्णपुरा क्षेत्र की भूमि पूजन की गई। भूमि पूजन के पश्चात कथा वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई एवं कथा वाचन का आनंद ली। चतरा से स्वामी ब्रह्मचारी रविंद्र बाबा के द्वारा कथा प्रवचन सुनाया गया। आश्रम बनाने के लिए अखिल भारतीय संतमत सत्संग को जमीन दान दी गई है। महर्षि मेँही ध्यान योगाश्रम के अनुयायी परमेश्वर कुमार ने बताया कि आश्रम निर्माण होने के बाद प्रत्येक दिन प्रखंड के भिन्न-भिन्न गांव में कथा वाचन एवं सत्संग का कार्य किया जाएगा। जमीन खरीद कर दान देने वालों में मुख्य रूप से परमेश्वर कुमार, संतोष कुमार गुप्ता, मुकेश सिन्हा, संभू प्रसाद के अलावा कई लोग हैं।

# DMFT के तहत 28 वर्षों के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध कराए जा रहे हैं बर्तन



**PHOTON NEWS RAMGARH:** बच्चों व महिलाओं के विकास एवं उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामगढ़ जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में 28 वर्षों के बाद डीएमएफटी के तहत विभिन्न बर्तन उपलब्ध कराए जा रहे है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक कुमारी तिर्की द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तनों की आवश्यकता को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा के संज्ञान में लाने के उपरांत जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से केंद्रों में बर्तन उपलब्ध कराने का निर्णय न्यास परिषद द्वारा लिया गया जिसके तहत आगे की कार्रवाई पूरी कर बच्चों व महिलाओं को इससे लाभान्वित करने हेतु तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पतरातू, मांडू, चितरपुर व गोला प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन उपलब्ध कराए गए वहीं उपायुक्त के निर्देश पर तीव्र गति से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

### कुशवाहा महासभा की बैठक में निर्णय, जिला सम्मेलन होगा 26 को

**RAMGARH:** कुशवाहा धर्मशाला रामगढ़ में झारखंड कुशवाहा महासभा की बैठक में जिला सम्मेलन 26 जुलाई को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। सम्मेलन को सफल बनाने की तैयारी को लेकर कमेटी का पुर्नगठन किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमरलाल महतो ने की। संम्मेलन समारोह में कुशवाहा समाज के जिला में मैट्रिक इंटर, के टॉप, इंजीनियरिंग, जेपीएससी उत्तीर्ण प्रतिभावान छात्र छात्राओं को विशेष उपलब्धि के लिए सम्मानित किया जाएगा। झारखंड कुशवाहा महासभा रामगढ़ जिला कमेटी का पूर्णगठन होगा।

# निशुल्क मेडिकल व इंजीनियरिंग कोचिंग परियोजना का जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ जिले के मेधावी एवं जरूरतमंद बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षण एवं पैसे के अभाव में इन सुविधाओं से वंचित रह जाने वाले बच्चों पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त, रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा की पहल पर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा आधुनिक सुविधाओं के साथ एवं अनुभवी शिक्षकों के द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निशुल्क मेडिकल व इंजीनियरिंग कोचिंग परियोजना संचालित है।

इसी क्रम में मंगलवार को जिला शिक्षा अधीक्षक श्री संजीत कुमार एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने संयुक्त रूप से कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संचालकों से कोचिंग सेंटर के माध्यम से बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही शिक्षा सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने बच्चों से भी कोचिंग सेंटर के माध्यम से उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी लेने के उपरांत मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी वही उन्होंने कोचिंग सेंटर संचालकों को परियोजना के तहत निर्धारित रोस्टर के अनुसार शिक्षकों की उपलब्धता कोचिंग सेंटर में सुनिश्चित करने, समय-समय पर बच्चों की दुविधाओं को दूर करने व जो भी चीजें उन्हें कोचिंग सेंटर में पढ़ाई जा रही हैं उनका नियमित रूप से परीक्षण कर योजनाबद्ध तरीके से बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयार करने का निर्देश दिया।

# CPI ने कहा बालू को फ्री सेल करें झारखंड सरकार : महेंद्र पाठक




**PHOTON NEWS RAMGARH:** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने राज्य मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर राज्य में बालु फ्री सेल के माध्यम से जनता कै उपलब्ध कराने कि मांग किया है। पाठक ने लिखा है कि राज्य में बालु की किल्लत होने के कारण विकास के सारे कार्य ठप पड़ चुके हैं। सरकारी कार्यों के लिए भी बालू नहीं मिल रहे हैं। लाखों की संख्या में दिहाड़ी मजदूर एवं राज मिस्त्री भुखमरी के कगार पर चले गए हैं, तो दूसरी तरफ बालू माफिया अधिकारियों की गठजोड़ से मालामाल हो रहे हैं। पाठक ने जिक्र करते हुए कहा कि जो भी स्टॉकिस्ट का घोषणा सरकार ने की है। वह मृतप्राय है। रात भर अवैध बालू की धुलाई हो रही है। उक्त बालु को खुले बाजार में तस्करी के माध्यम से अधिक कीमतों पर बेचा जा रहा है। 1000 प्रति ट्रैक्टर मिलने वाला बालों 35 सौ से 4000 में बेचा जा रहा है। 10000 के मिलने वाले प्रति हाइवा 35 से 40000 में बेचा जा रहा पहले कोयला, लोहा, बॉक्साइट, अभ्रक की तस्करी हो बदस्तूर जारी है। तस्करी का नया रूप ले लिया है। राज्य को सुगम रूप से बालु उपलब्ध कराने कि मांग भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने कि है। पाठक ने पार्टी कार्यकताओं को आवाहन किया कि बालु फ्री सेल करने के लिए आंदोलन को तेज करें।

**एक तरफ झूले सावन के, दूजी तरफ हैं बीज जीवन के, हरी-भरी रहे अपनी धरती, आओ गाएं गीत सृजन के**

# भारत विकास परिषद् के 61 वें स्थापना दिवस पर पौधारोपण का शुभारंभ



**PHOTON NEWS RAMGARH:** बीते कल (श्रावण मास के प्रथम सोमवार , 10/07/2023 , अपराह्न 2:00 बजे से सूर्यास्त तक ) भारत विकास परिषद् की राजा राममोहन राय शाखा के तत्वावधान में रामगढ़ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण का जनोपयोगी कार्य कर परिषद के 61 वें स्थापना दिवस की बहुमूल्य बेला को अविस्मरणीय बनाया गया। आयोजन का शुभारंभ गोला रोड , बेसिक स्कूल के समीप संरक्षक कैलाशचंद्र शाह द्वारा निर्देशित स्थान पर कुछ फलदार एवं कुछ औषधीय पौधे लगाकर किया गया। एक संक्षिप्त विचार गोष्ठी भी संपन्न हुई। इसी क्रम में भावी योजना को ध्यान में रखकर टायर मोड़ स्थित पौधशाला से परिषद् के समर्पित सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे भी अगले कार्यक्रम के लिए लाए गए। कुछ विशिष्ट पौधों को ओंकार मिशन परिसर में भी लगाया गया। यहां यह तथ्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि ओंकार मिशन के प्रमुख राजेश नेगी जी का सहयोग , समर्पण और सेवा भाव परिषद् के सभी सदस्यों के हृदय में विशेष स्थान बना गया। पौधारोपण के क्रम में नेगी जी एवं वहां के बच्चों की सहभागिता ने संवेदनाओं के नये आयाम रच डाले। एक संक्षिप्त गोष्ठी भी वहां संपन्न हुई। पूरे सावन माह तक चलने वाले इस पौधारोपण अभियान में सहयोग के भावी आदान-प्रदान पर भी अतिशय उदार नेगी जी ने अपने मंतव्य से सभी को अभिभूत कर दिया। भारत विकास परिषद् के 61 वें स्थापना दिवस को सफल , सार्थक और स्मृतिजन्य बनाने में राजा राममोहन राय शाखा के संरक्षक कैलाशचंद्र शाह , अध्यक्ष नीरज पाठक , सचिव विजय कुमार , कोषाध्यक्ष राजेश कुमार साह , उपाध्यक्ष सीटू सिंह सलूजा , मीडिया प्रभारी राज रामगढी , महिला एवं बाल कल्याण प्रभारी मल्लिका दत्ता , महिला एवं बाल कल्याण मंत्री रमा मिश्रा , डा. सुशील कुमार एवं कई अन्य सदस्यों की गरिमापूर्ण उपस्थिति एवं सहभागिता रही।

# JSF के प्रदेश पदाधिकारियों ने रामगढ़ उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन




**PHOTON NEWS RAMGARH:** देश मे बढ़ती जनसंख्या को कम करने के लिए सरकार को कड़ा कानून बनाने हेतु बाध्य करने के लिए जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने देशव्यापी अभियान छेड़ रखा है।

इसी को आगे बढ़ाते हुए आज विश्व जनसंख्या दिवस पर जेएसएफ के एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सह शिक्षिका सिंधु झा एवं महासचिव अर्चना महतो एवं यशोदा देवी ने दर्जनों कार्यकताओं के साथ रामगढ़ जिले की उपायुक्त माधवी मिश्रा की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जनसंख्या नियंत्रण हेतु मजबूत कानून बनाने हेतु एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सिंधु झा ने कहा की देश में बढ़ती जनसंख्या का विकराल रूप आने वाले भविष्य में हमारे देश की आर्थिक स्थिति को कमजोर करने के साथ देश के विकास में बाधक बनेगा। भविष्य में देश की संसाधनों पर दबाव पड़ने के साथ समाज ने भी इसका नकारात्मक असर देखने को मिलेगा जिससे बचने के लिए हम सभी देशवासियों को इसके पक्ष में एक मजबूत कानून बने इसके लिए प्रधान मंत्री तक अपनी बात पहुचानी जरूरी है। अर्चना महतो ने इस मौके पर कहा की जनसंख्या दर को कम करने की जिम्मेवारी किसी एक संगठन अथवा नेता की नही है बल्कि ये एक ऐसा यज्ञ है जिसको सफल बनने में सभी के सहयोग की जरूरत है।

**जिलेवासियों की समस्याओं से संबंधित आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को दिया निर्देश**

# DC ने जनता दरबार में आई ग्रामीण महिला को आवास देने का दिया भरोसा



**PHOTON NEWS CHATARA:** उपायुक्त अबू इमरान ने अपने कार्यालय में जनता दरबार के माध्यम से जिले के लोगों की समस्याएं सुनीं। उपायुक्त ने जिलेवासियों की समस्याओं से संबंधित आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि समस्याओं का नियमानुसार निपटारा किया जाये। आज के जनता दरबार में आवास योजना के लिए आरा गांव निवासी एक महिला ने जनता दरबार में उपायुक्त को बताया कि मेरा घर जर्जर स्थिति में है। हमारे छोटे बच्चे हैं. बारिश के मौसम में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आवेदन करते समय उन्होंने अनुरोध किया कि उन्हें आवास योजना के तहत आवास मुहैया कराया जाए। ताकि बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके। आवेदन का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने महिला को आश्वस्त किया कि उसे नियमानुसार आवास योजना का लाभ दिया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को अधियाचना भेजकर यथाशीघ्र लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। इसी तरह एक-एक कर सभी फरियादियों ने उपायुक्त से मुलाकात की और अपनी समस्याएं बतायीं। इसमें मुख्य रूप से राशन कार्ड संबंधी, भूमि संबंधी, तालाब निर्माण का मामला समेत अन्य मुद्दे शामिल थे। ज्ञात हो कि प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को समाहरणालय में पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक उपायुक्त जनता दरबार के माध्यम से आम लोगों की समस्याएं सुनते हैं और उनका समाधान करते हैं।

## शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में डीडीसी ने कहा विद्यार्थियों का नामांकन शत-प्रतिशित सुनिश्चित करें

**CHATARA:** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के सभी विंगों की समीक्षात्मक की गई। बैठक में मुख्य रूप से संचालित विद्यालयों की संख्या, बीआरसी, सीआरसी, बीईईओ, बीआरपी, सीआरपी, शिक्षक, मध्याह्न भोजन, कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय की समीक्षा की गई। कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय में शिक्षकों कि उपलब्धता, पठन पाठन की व्यवस्था, नामांकन प्रक्रिया की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने विभाग को निर्देश दिया कि नियमानुसार छात्र-छात्राओं का नामांकन शत प्रतिशित सुनिश्चित करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा विद्यालय भ्रमण रिपोर्ट की पीपीटी के माध्यम से करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को कहा कि इन सभी की समीक्षा अपने स्तर से करें और विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। जिले के सभी विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित कराऐं तथा आवयश्कता अनुसार विद्यालयों में डीप बोरिंग कराने को कहा। जिले के विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन को लेकर कहा कि समय समय पर इसकी निगरानी रखते हुए बच्चों के बीच समय पर मध्याह्न भोजन का वितरण करना सुनिश्चित किया जाए।

### टंडवा एसडीपीओ को आइपीएस में प्रोन्नती पर दी बधाई एवं शुभकामना



**TANDAWA:** टंडवा के एसडीपीओ शम्भू कुमार सिंह को आइपीएस में प्रोन्नत होने पर सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय,जिला विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोबिंद तिवारी ने उनके आवास पर पुष्प गुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामना दिया। झारखंड के 24 डीएसपी को आइपीएस में प्रोन्नति मिली है। ज्ञातव्य हो कि बीते 19 जून को यूपीएससी बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद प्रोन्नत से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई।

BRIEF NEWS

## सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के जीर्णोद्धारित हॉल का उद्घाटन होगा आज




**JAMSHEDPUR :** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चैम्बर के दूसरे तल्ले में स्थित हॉल का 12 जुलाई शाम 6 बजे उद्घाटन किया जायेगा। हॉल का उद्घाटन जमशेदपुर के जानेमाने समाजसेवी एवं उद्यमी रमेश कुमार अग्रवाल करेंगे। चैम्बर के वर्तमान सत्र 2021-23 में चैम्बर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण श्रृंखला के तहत हॉल को बनाया जा रहा था। यह जानकारी चैम्बर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। अध्यक्ष ने बताया कि इस हॉल का निर्माण पहले से ही जा रहा था।उन्होंने बताया कि चैम्बर के सभागारों, कार्यालय तथा कांफ्रेस हॉल के निर्माण तथा जीर्णोद्धार के पश्चात इस हॉल के आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

## झारखंड में शिक्षा और आस्था पर हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति हावी : भाजपा



**JAMSHEDPUR :** राज्य भर में लगातार बहुसंख्यक आबादी पर हो रहे हमले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने धनबाद के स्कूल में छात्रा के बिंदी लगाकर आने पर प्रताड़ित करने के मामले पर निंदा करते हुए जताते हुए कहा कि सरकार की इच्छाशक्ति पर सवाल खड़े किये है। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा की राज्य में बहुसंख्यक आबादी पर लक्षित हमले हो रहे हैं। सूबे में शिक्षा एवं धार्मिक आस्था पर यूपीए सरकार की तुष्टिकरण नीति हावी है। उन्होंने कहा की बोकारो के इस्कॉन टेंपल में आगजनी के वारदात में मंदिर प्रबंधन ने साफ तौर पर कांग्रेसी नेताओं को दोषी बताया है।

## 16 को शिव भक्त बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के जत्थे में जाएंगे सुलतानगंज



**JAMSHEDPUR :** बाबा बैधनाथ सेवा संघ की बैठक कदमा के तरुण संघ में संपन्न हुई । बैठक में कदमा से जाने वाले सैकड़ों की संख्या में पंजीयन कराए लोग उपस्थित हुए । कदमा से कुल 78 महिलाएं एवं 43 पुरुषों ने अपना पंजीयन कराया है । बैठक को संबोधित करते हुए बाबा बैधनाथ सेवा संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने यात्रा में शामिल हो रहे कदमा के शिव भक्तों को बताया कि यात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है । उन्होंने लोगों को इस यात्रा के किसी प्रकार की कमी नहीं होने का भरोसा दिलाया। बैठक में मुख्य रूप से विकास सिंह, अरविंद महतो, चितरंजन वर्मा, के पी सिंह, रवि शंकर सिंह, भीम सिंह, गणेश मछुआ, देव प्रिया, सीमा जयसवाल, रतन देवी, शोभा गुप्ता, सरोज देवी, आशा देवी, प्रियंका शर्मा सहित सैकड़ों शिव भक्त उपस्थित थे।

## पेयजल आपूर्ति परियोजना को लेकर सरयू राय ने जुड्को के निदेशक से की बात

**JAMSHEDPUR :** मोहरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना फेज-2 के काम आगे नहीं बढ़ने को लेकर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को नगर विकास विभाग की कंपनी ह्युजुडको (झारखण्ड शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम) के परियोजना निदेशक से बात की। जहां निदेशक ने बताया कि अभी तक यह मामला जमशेदपुर अक्षेस और टाटा स्टील यूआईएसएल से आगे नहीं बढ़ा है। साथ ही कोई प्रस्ताव नगर विकास विभाग के मुख्यालय में नहीं आया है। इसके बाद विधायक ने इस सबंध में जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी और टाटा स्टील यूआईएसएल के संबंधित अधिकारियों से बात की। जिसमें उन्होंने मोहरदा पेयजल आपूर्ति को लेकर पिछले 6 मई, 2023 को बैठक में लिये गये निर्णयों पर क्या कार्रवाई की गई, इसके बारे में पू

# क्लर्क ने निजी SCHOOL से मांगे 2 लाख रुपये घूस, डीसी ने किया निलंबित

**विभाग के क्लर्कों से स्कूल से लेकर शिक्षक तक परेशान, सभी दे रहे हैं पैसे लेकिन बोलने को कोई तैयार नहीं, 95 प्रतिशत निजी स्कूल आरटीई की शर्तों को नहीं कर रहे हैं पूरा, ऐसे में मान्यता के लिए घूस देने को रहते हैं तैयार**

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम जिले के शिक्षा विभाग के कार्यालय में किस तरह से भ्रष्टाचार हो रहा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक निजी स्कूल से सिर्फ राईट टू एजुकेशन के तहत मान्यता दिलाने के लिए 2 लाख रुपए की घूस मांगी जा रही है। इस मामले में उपायुक्त विजया जाधव ने जिला शिक्षा अधीक्षक कार्याल के अधीन काम करने वाले लिपिक विशाल प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया है। जिला प्रशासन की ओर से जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय पूर्वी सिंहभूम के अधीन काम करने वाले इस लिपिक ने संत पॉल इंग्लिश स्कूल नुवागांव घाटशिला से आरटीई संबंधित मान्यता के लिए दो लाख रुपए की अवैध राशि की मांग की। इसकी शिकायत स्कूल द्वारा प्रशासन से की गयी। इस संबंध में विशाल प्रताप सिंह से स्पष्टीकरण भी मांगा गया। स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने तथा जांचोउपरांत प्रथम द्दष्टया प्रमाणित आरोप के आधार पर उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

**बीईईओ कार्यालय चाईबासा से किया अटैच :** लिपिक को निलंबित करते हुए यह आदेश पारित किया गया है कि निलंबित अवधि में बायोमेट्रिक द्वारा उपस्थिति दर्ज के आधार पर नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता का भुगतान प्रति माह किया जाएगा। निलंबन अवधि में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सदर चाईबासा निर्धारित किया गया है। ऐसे में अब उसे इस कार्यालय में नियमित हाजिरी लगानी होगी।

### एक ऐसा क्लर्क जिसकी पोस्टिंग स्कूल में लेकिन बैठता हैं डीईओ कार्यालय में

मिली जानकारी के अनुशास विशाल प्रताप सिंह के साथ ही अब जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के कुछ और क्लर्क भी प्रशासन की नजर में है। इसमें कुछ क्लर्क ऐसे भी हैं जिनकी पोस्टिंग स्कूल में हुई है। लेकिन वे पूरे दिन डीईओ कार्यालय में रहते हैं और यहां की सबसे महत्वपूर्ण फाइल भी इन्हीं के पास है। ऐसे ही एक क्लर्क का नाम है नितिन कुमार है। जो कागजों पर तो विद्यालय में पदस्थापित है। लेकिन वह पूरे दिन डीईओ कार्यालय में ही बैठता है। यही नहीं इस विभाग की सबसे महत्वपूर्ण फाइलें इसी के पास हैं। यह क्लर्क अक्सर डीईओ निर्मला कुमारी बरेलिया के साथ दिख जाएगा। इसकी हनक ऐसी है कि यह स्कूल से बिना बताए ही विभाग आ जाता है और यहां फाइलों को डील करता है। उसके कहने पर कई अन्य क्लर्कों की पोस्टिंग भी डीईओ कार्यालय में हुई है। इसके अलावा कुछ अन्य क्लर्कों की शिकायत भी प्रशासन को मिली है।

**बिना शर्तो को पूरा किए स्कूल चाह रहा था मान्यता, जब उसकी बात नहीं मानी गयी तो लगाया झूठा आरोप:** वहीं विशाल प्रताप सिंह की मानें तो जिस तिथि में उस पर घूस की राशि मांगने का आरोप लगाया गया है। उस तिथि में वह अवकाश पर था। विभाग के बायोमैट्रिक हाजिरी से इसका पता आसानी से लगाया जा सकता है। उसकी मानें तो स्कूल मान्यता की शर्तों को पूरा नहीं कर रहा है। इसके बाद भी वह बार-बार उससे फाइल आगे बढ़ाने का दबाव अलग -अलग माध्यमों से डाल रहा था। लेकिन जब उसकी बात नहीं बनी तो स्कूल प्रबंधन ने घूस मांगने का झूठा आरोप लगा दिया। विशाल ने यह सब लिखित रूप से जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया है।

**चार साल से फंसी है आरटीई मान्यता :** जिले में आरटीई मान्यता की बात करें तो पिछले चार सालों में एक भी स्कूल को मान्यता नहीं मिल पायी है। पहले विभाग ने ऑफ लाइन आवेदन मांगा था। जबकि 260 स्कूलों ने आवेदन मान्यता के लिए किया था। अब इस प्रक्रिया को बदलकर ऑनलाइन कर दिया गया है। ऐसे में सभी स्कूलों को पुनः आवेदन करना पड़ रहा है। मान्यता में देरी की एक वजह स्कूलों से अवैध वसूली को माना जा रहा है। अगर आरटीई मान्यता की शर्तों पर नजर डालें तो कुल 36 अलग- अलग शर्तों को पूरा करने वाले स्कूलों को ही मान्यता देनी है। यह जिस प्रकार की शर्तें इसमें हैं उसमे से 95 प्रतिशत स्कूल पूरा नहीं कर रहे हैं। यही वजह है कि इन कमियों को छिपाने के लिए विभाग के लोग घूस मांग रहे हैं।

## राज्य में अफसर बेलगाम, आवाज उठाने वालों पर केस कर भेज रहे जेल : रामचंद्र



हल्ला बोल कार्यक्रम में शामिल आजसू के कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय पर आजसू प्रखंड समिति के अध्यक्ष निरंजन महतो के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा आहूत हल्ला बोल कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने झामुमो और कांग्रेस सरकार पर सीधा हमला बोला साथ ही अफसरों की बेलगाम कार्य और दलाली प्रथा को बढ़ावा देने पर जमकर बरसे।

उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करना है क्योंकि एक पार्टी इस राज्य की खनिज संपदा को बेचती है और दूसरा उसको खरीद लेती है वर्तमान सरकार लोकतंत्र की जगह लूटतंत्र की परिभाषा पढ़ा रही है। राजनेताओं की पहचान जमीन दलाली से लेकर अवैध वसूली के लिए बन गई है। इस राज्य में अफसरशाही बढ़ गई है राजनेताओं को अपने बात रखने की भी आजादी छीन ली गई है भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय जन प्रतिनिधि को जेल भेजने का कार्य सरकार में बैठे अफसर कर रहे है।

हल्ला बोल कार्यक्रम में जिला प्रभारी सह केंद्रीय सचिव प्रो रवि शंकर मौर्या ने कहा की राज्य की व्यवस्था पर अगर अव्यवस्था हावी होने लगे तो समझिए की राज्य के राजकुमार सत्ता के नशे में चूर है। सरकार 1000 दिन पूरे होने पर बैनर और पोस्टर के माध्यम से जश्न मना रही है। उसी दिन 1000 करोड़ को खबर खनिज संपदा को लूट की खबर अखबार की सुर्खियों में छप गई है, म्यूटेशन और रजिस्ट्री का काम सरकारी तौर पर बंद है और बिचौलिए के माध्यम से सभी कार्य आसानी से हो रहा है।

## सुलतानगंज के गंगाजल से साकची बाजार शिव मंदिर में हुई सहस्त्रघट जलाभिषेक पूजा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सावन माह के शुभ अवसर पर लगातार दूसरे साल मंगलवार 11 जुलाई को साकची बाजार स्थित श्री श्री साकची शिव मंदिर में सुलतानगंज से आये हुए गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक पूजा की गयी। इसका आयोजन शिव मंदिर कमिटी के लालचंद अग्रवाल एंव बबलु अग्रवाल द्वारा अपने पिता (स्व. विनोद कुमार अग्रवाल) की याद में किया गया।

इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल होकर गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक किये। मंगलवार सुबह 10 बजे से शिव पूजन तथा दोपहर एक बजे से सुलतानगंज से टैंकर में आये हुए 12 हजार लीटर गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक किया गया। संध्या 5 बजे से भोले बाबा का विशेष श्रृंगार एवं महाआरती की गयी। फूलों की लड़ियों से सजे भोले बाबा का विशेष श्रृंगार श्रद्धालुओं को काफी आकर्षित कर रही थी। इसके बाद प्रसाद ग्रहण किया गया। मंगलवार को दिन भर ओम नमः शिवाय, जय जय भोलेनाथ, हर हर महादेव के जयघोष से मंदिर गूंजते रहा।



शिव मंदिर में सहस्त्रघट जलाभिषेक करते भक्त। ● फोटोन न्यूज

इस दौरान मंदिर के आस-पास का क्षेत्र धार्मिक मय हो गया था। मंदिर में दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। पंडित मूलचंद शर्मा के नेतृत्व में शहर के 21 विदवान पंडितों ने सामूहिक रूप से विधिवत पूजा संपन्न करायी।

### बिष्टुपुर तुलसी भवन में मारवाड़ी महिला मंच की भागवत कथा का चौथा दिन

## श्रीराम अनमोल रत्न और श्रीकृष्ण बहुआयामी व्यक्तित्व हैं

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बिष्टुपुर तुलसी भवन में चल रहे सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथावाचक सीताराम शास्त्री ने व्यास पीठ से वामन अवतार, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण प्राकट्य एवं नंद महोत्सव के प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम अनमोल रत्न है तो श्रीकृष्ण बहुआयामी व्यक्तित्व हैं। राम की लीला अनुकरणीय है तो कृष्ण लीला चिंतनीय हैं। राम जैसी मयार्दा का पालन होने पर ही कृष्ण रूप आनन्द की प्राप्ति होती हैं।

इसलिए भागवत में कृष्ण कथा से पहले राम कथा का वर्णन हैं। गजेन्द्र की कथा का प्रसंग सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि भगवान की प्राप्ति में देरी नहीं हैं, यदि देरी हो रही हैं तो भगवान की ओर से नहीं हमारी ओर से हो रही हैं। गजेन्द्र और द्रोपदी ने भगवान को पुकराने में विलम्ब किया, किन्तु प्रभु ने आने में विलम्ब नहीं किया। साधक की पूर्ण शरणगति परमात्मा को प्रकट होन में विवश कर देती हैं। श्री कृष्ण प्राकट्य का प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक ने आगे कहा कि भैतिक जगत में तो भगवान के प्राकट्य का विशद वर्णन शास्त्रों में हैं, किन्तु आध्यात्मिक धरातल पर हमारे अंतःकरण में कृष्ण रूप आनन्द प्रकट होना चाहिए। निर्मल अंतःकरण में परमात्मा का निवास होता हैं।



भागवत कथा का आनंद लेते भक्त। ● फोटोन न्यूज

सेवा प्रदान के तीन सूत्रः- दधीची ऋषि द्वारा अंगदान की चर्चा का वर्णन करते हुए कथाचाचक ने कहा कि सेवा में तीन सूत्र अवश्य होने चाहिए। 1. अवकाश रहित सेवा, 2. अपेक्षा रहित सेवा तथा 3. भेदभाव रहित सेवा। सेवा भावना में ये तीन बातें आ जाती हैं तो सेवा संगठन गौरीशंकर शिखर को स्पर्श कर सकता हैं। यह मारवाडी महिला मंच इन्हीं सूत्रों के आधार पर सेवा प्रदान कर रही हैं, यह प्रसन्नता की बात हैं। महाराज जी पांचवें दिन बुधवार को श्री कृष्ण बाल लीला, गिरिराज पूजन एवं छप्पन भोग का प्रसंग सुनायेंगे। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु देर संध्या तक जमे रहे।

100 बच्चों को मिली पठन-पाठन की सामग्रीः- झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन और मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर द्वारा आयोजित भागवत कथा में मंगलवार को कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान दिन बाल विकास प्रकल्प के तहत एक स्कूल के जरूरतमंद 100 बच्चों को कथावाचक सीताराम शास्त्री ने अपने हाथों स्कुल बैग, पठन-पाठन की सामग्री एवं मिठाई दिया।

## बागबेड़ा में नदी में उतराता मिला 12 वर्षीय बच्चे का शव, दोस्तों के साथ एक दिन पहले घर से निकला था

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बागबेड़ा थाना अंतर्गत बड़ौदा घाट खरकई नदी में दोस्तों संग खेलने गए 12 वर्षीय कीताडीह निवासी विकास यादव की डूब जाने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। 12 वर्षीय विकास यादव अपने घर के पास रहने वाले दो दोस्तों के साथ सोमवार को खेलने के लिए घर से निकला, फिर लौट कर नहीं आया। परिजनों ने विकास की काफी खोजबीन की पर कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। मंगलवार सुबह अचानक परसुडीह पुलिस से सूचना प्राप्त हुई की उनके पुत्र का शव भाग बड़ा बड़ौदा घाट खरकाई नदी से बरामद हुआ है। बच्चे के पिता लाला यादव ने बताया कि कल दोपहर 3 बजे उनका पुत्र घर से निकला, पर लौट कर नहीं आया। उनकी मानें तो वह जिन दो बच्चों के साथ गया था उनसे कई बार पूछा गया पर दोनों बच्चों ने कुछ नहीं बताया। मंगलवार को अचानक बागबेड़ा पुलिस से उन्हें सूचना मिली कि उनके पुत्र का शव खरकाई नदी से बरामद हुआ है।

**पुलिस ने कहा मामले की जांच जारी :** इस पुरे मामले की जानकारी देते हुए पुलिस पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को एक बच्चे के नहाने के क्रम में डूबने की सूचना बागबेड़ा पुलिस को मिली थी। बागबेड़ा पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से नदी में तलाशी भी ली गई, पर उस बच्चे का कुछ पता नहीं चल पाया। लेकिन मंगलवार को स्थानीय लोगों से पता चला कि किसी बच्चे का शव नदी में तैर रहा है। उन्होंने बताया शव को बाहर निकालकर बच्चे की पहचान कर उनके परिजनों को सूचना दी गई, फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

## पति ने बेलन से पीट-पीटकर की पत्नी की हत्या, घटना से पहले दोनों ने पी थी शराब

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** परसुडीह थाना अंतर्गत खखड़ीपाडा में उस समय सनसनी फैल गई। जब पारिवारिक विवाद में पति प्रेमचंद पात्रो ने अपनी पत्नी पूनम पात्रो की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रेमचंद पात्रो को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त सारे सामान बरामद कर लिए हैं।

जानकारी के अनुसार प्रेमचंद पात्रो और उसकी पत्नी पूनम पात्रो जादूगोड़ा के निवासी हैं। प्रेम विवाह कर दोनों किराए के मकान में परसुडीह खखड़ीपाड़ा में रह रहे थे और दिहाड़ी मजदूरी का काम कर रहे थे। परसुडीह थाना के थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा के अनुसार सोमवार दोपहर दोनों पति पत्नी शराब का सेवन कर रहे थे कि तभी अचानक दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति प्रेमचंद पात्रो ने लात घुसे और बेलने से अपनी पत्नी पूनम पात्रो की पिटाई शुरू कर दी, जिसमें 42 वर्षीय पत्नी पूनम पात्रो की दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही पति प्रेमचंद पात्रों को गिरफ्तार कर थाने ले आई। उन्होंने बताया कि घटना में प्रयुक्त बेलन को बरामद कर लिया गया है। फिलहाल पति प्रेमचंद पात्रो को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### JHARKHAND का MEDICAL हब बन रहा JAMSHEDPUR TATA के नाम से मशहूर शहर

# 800 करोड़ की लागत से बन रहे दो अत्याधुनिक अस्पताल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड काफी पिछड़ा हुआ है। ऐसे में प्रदेश का एक शहर मेडिकल हब बनने की ओर अग्रसर है। जी हां। हम बात कर रहे हैं जमशेदपुर की। जहां लगातार बढ़ती स्वास्थ्य सेवाओं पर देश-विदेश की नजरें टिक गई हैं। अब तक जमशेदपुर टाटा के नाम से मशहूर है, लेकिन वह समय दूर नहीं जब लोग इसे मेडिकल हब के रूप में जानेंगे। दरअसल, यहां टाटा ग्रुप की ओर से चार बड़े अस्पताल संचालित किये जा रहे हैं। इसमें टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच), टाटा मोटर्स अस्पताल, टिनप्लेट अस्पताल व मेहरबाई टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल (एमटीएमएच) शामिल हैं।

**कैंसर के इलाज के लिए जमशेदपुर में क्या है सुविधा :** कैंसर अस्पताल में इलाज कराने के लिए न सिर्फ झारखंड बल्कि बंगाल, ओडिशा, बिहार, यूपी सहित अन्य राज्यों से भी मरीज जमशेदपुर आते हैं। टाटा का मेहरबाई कैंसर हॉस्पिटल लोगों की सबसे बड़ी उम्मीद है। यहां कम खर्च में लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलती है।



**राज्य सरकार की ओर से भी बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी :** सरकारी अस्पताल की बात करें तो फिलहाल 500 बेड का सबसे बड़ा एमजीएम अस्पताल है। यहां पर भी कई राज्यों से मरीज इलाज कराने आते हैं। अब सरकार 500-500 बेड के दो नए अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण करा रही है। एक अस्पताल का निर्माण एमजीएम कॉलेज परिसर में हो रहा है, जो लगभग 70 प्रतिशत बनकर तैयार हो चुका है। जबकि दूसरा अस्पताल का निर्माण एमजीएम अस्पताल परिसर में चल रहा है। इसका निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहा है। दोनों अस्पतालों की लागत लगभग 800 करोड़ बतायी जा रही है।

**अगले ढ़ाई साल के अंदर दोनों अस्पताल हो जाएंगे शुरू :** दोनों अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। यहां पर हार्ट से लेकर किडनी, कैंसर, न्यूरो सहित प्लास्टिक सर्जरी व तमाम बीमारियों के इलाज और रिसर्च की सुविधा होगी। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार की टीम मिलकर काम कर रही है। योजना पर 60 प्रतिशत फंड केंद्र व 40 प्रतिशत राज्य सरकार दे रही है। कहा जा रहा है कि इन दोनों अस्पतालों का निर्माण होने से यहां के मरीजों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। बाहर से लोग यहां इलाज कराने के लिए आएंगे। ढ़ाई साल के अंदर दोनों अस्पताल पूरी तरह से संचालित होने लगेंगे। एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ. रविंद्र कुमार का कहना है कि इससे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

**107 बेड का होगा इमरजेंसी अस्पताल :** साकची एमजीएम में निर्माणधीन नए अस्पताल में 107 बेड का इमरजेंसी विभाग होगा। वहीं, विभिन्न विभागों में 246 बेड का आईसीयू होंगे। गंभीर मरीजों को बेहतर चिकित्सा मिल सकेगी। 15 ऑपरेशन थियेटर होंगे। अभी फिलहाल 10 बेड का इमरजेंसी विभाग संचालित हो रहा है। जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**केएमवी व एलएंडटी कंपनी को निर्माण का जिम्मा :** दोनों अस्पतालों का निर्माण अलग-अलग कंपनियां कर रही हैं। डिमना चौक स्थित एमजीएम कॉलेज परिसर में एलएंडटी कंपनी नए अस्पताल को बना रही है। यह अस्पताल लगभग 70 प्रतिशत तैयार हो चका है। साकची स्थित एमजीएम अस्पताल परिसर में हैदराबाद की कंपनी केएमवी प्रोजेक्ट निर्माण करा रही है। दोनों अस्पताल पांच मंजिला होंगे।

### साकची के नए अस्पताल में ये सुविधा होगी

- भवन पांच मंजिला होगा।
- बेसमेंट में कार पार्किंग व कैंसर मरीजों के लिए रेडिएशन आंकोलॉजी विभाग संचालित होगा।
- ग्राउंड फ्लोर : ऑपरेशन थियेटर (ओटी), इमरजेंसी, रेडियोलॉजी विभाग, रजिस्ट्रेशन काउंटर, रिसेप्शन, बर्न यूनिट, कैफेटेरिया व किचन।
- पहला तल्ला : मनोरोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, महिला एवं प्रसूति रोग विभाग, आक्सीजन प्लांट व फामेर्सी की सुविधा।
- दूसरा तल्ला : मेडिसिन, सर्जरी, किडनी, डायलिसिस सेंटर, शिशु रोग विभाग।
- तीसरा तल्ला : सर्जरी आईसीयू, पीआईसीयू, एचडीयू, छाती व श्वसन रोग विभाग, नेत्र व ईएनटी विभाग।
- चौथा तल्ला : सेमिनार हाल व प्रशासनिक कार्यालय। इसके साथ ही न्यूरो, यूरो, हार्ट, नेफ्रो का ओपीडी।
- पांचवा तल्ला : नेत्र व ईएनटी विभाग का इनडोर व निजी वार्ड होगा। इसके अलावा पांच अलग-अलग आपरेशन थियेटर होगा।

#### किस विभाग कितने बेड होंगे

| विभाग | बेड |
|---|---|
| इमरजेंसी | 107 |
| शिशु रोग | 40 |
| मेडिसिन | 70 |
| चर्म रोग | 20 |
| श्वसन रोग | 20 |
| मानसिक रोग | 20 |
| हड्डी रोग | 30 |
| सर्जरी | 60 |
| ईएनटी | 20 |
| नेत्र रोग | 20 |
| बर्न | 33 |
| निजी वार्ड | 07 |
| महिला रोग | 60 |

**ये होंगी सुविधाएं :** लांडरी सिस्टम, फ्लोरोस्कोपी, सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, मैमोग्राफी, सेमिनार हाल, प्रशासनिक भवन, क्लासेस रूम, पीएसए प्लांट, लिक्विड आक्सीजन प्लांट, जैविक कचरा प्रबंधन, केंद्रीकृत स्ट्रेलाइजेसन यूनिट।

# क्या हम सचेत हैं

उत्तर भारत के करीब सात राज्यों में रविवार को सावन की बारिश ने कीर्तिमान बना दिया। सोमवार को भी भारी बारिश की आशंका से लोग सहमे रहे। दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के अनेक हिस्सों में भारी जलभराव देखा गया है। यह बहुत दुखद है कि तीस से ज्यादा लोगों की जान गई है और अनेक लोग घायल हुए हैं। उत्तर भारत में अनेक इलाके हैं, जहां एक बड़ी आबादी को बचाव के लिए घर छोड़ना पड़ा है। तीन सौ से अधिक स्थानों पर परिवहन रोकना पड़ा है। प्रधानमंत्री सहित पांच से भी अधिक सुबों के मुख्यमंत्रियों ने लोगों को सावधान रहने के लिए कहा है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने तो अपने राज्य में लोगों को घर से न निकलने की सलाह दी है। इन राज्यों में जगह-जगह तालाब, नाले, नदियां उफान पर हैं। जाहिर है, बिजली आपूर्ति पर भी असर पड़ा है। विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश में कई जगह तबाही का मंजर है, जहां दुर्भाग्य से सबसे ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। आने वाले दिनों में भी कहीं पर बाढ़ का भय है, तो कहीं भूस्खलन की आशंका बनी रहेगी, लेकिन क्या हम पूरे सचेत हैं? रविवार की बारिश को आने वाले अनेक वर्षों तक याद किया जाएगा, राजधानी दिल्ली में तो बारिश ने 41 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अनुमान है, जुलाई भर की बारिश से कहीं ज्यादा एक दिन में ही दर्ज हो गई। राष्ट्रीय राजधानी की अनेक प्रमुख सड़कों और कॉलोनियों में भी जलभराव ने जीवन संकट में डाल दिया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्कूल-कॉलेजों को बंद करना पड़ा है। हरियाणा में बांध के लबालब होने से यमुना में पानी छोड़ना पड़ा। अब दिल्ली में यमुना किनारे बसे लोगों को कहीं दूसरी जगह ले जाने की कवायद चल रही है। यह बहुत चिंता की बात है कि राजधानी दिल्ली में पचास से भी अधिक स्थानों पर लोगों को किसी तरह के नुकसान से बचाने के लिए यातायात रोकना पड़ा है। डूबने और बचने की कहानियों और फोटो से अखबार भरे हुए हैं, लेकिन इन कहानियों को हम कब तक दोहराते रहेंगे? यह प्रभावित राज्यों के लिए समन्वय का अवसर है और केंद्र सरकार को भी राज्यों की पूरी मदद करनी चाहिए। मानसून के समय में बाढ़ और जलभराव की समस्या समय के साथ बढ़ती चली जा रही है। सोचने वाली बात है कि जिस देश ने बिपरजॉय जैसे समुद्री तूफान को आसानी से झेल लिया, वह दो दिन की बारिश में ही मुश्किल में पड़ गया। आखिर ऐसा क्यों हुआ? लगता है, भारी बारिश का अनुमान पहले से था, मगर ज्यादातर लोगों ने गौर नहीं किया। इसके अलावा, लोग उन इलाकों को भी अब भूलने लगे हैं, जहां थोड़ी बारिश भी बड़ी समस्या पैदा कर देती है। हम अपने गांव, शहर के निचले इलाकों को क्यों भूल जाते हैं? हम यह मानकर चलते हैं कि बारिश साल भर में बमुश्किल दस-पंद्रह दिन की समस्या है, तो उससे बचने के खास इंतजाम पर क्यों अलग से खर्च किए जाएं? इसमें कोई शक नहीं है कि बारिश को हल्के में लिया जा रहा है और इसीलिए यह हमारे लिए समस्या बन जा रही है।

# बंगाल के पंचायत चुनाव

जैसा कि लग रहा था, पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों के दौरान बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के बाद परस्पर दोषारोपण का खेल शुरू हो चुका है। तमाम पार्टियां एक-दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। राज्य चुनाव आयुक्त भी इसमें पीछे नहीं रहे। वह जिला प्रशासन को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि चुनावों के दौरान ऐसी हिंसा बेहद गंभीर और चिंताजनक है। खासकर इसलिए भी कि इसकी आशंका पहले से जाहिर की जा रही थी और सभी संबंधित एजेंसियों के पास इसे रोकने के लिए योजना बनाने और उन पर सही ढंग से अमल की तैयारी करने का काफी वक्त था। इसलिए हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद अगर केंद्रीय सुरक्षा बलों की समय पर सही ढंग से तैनाती नहीं हो सकी तो इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए कि गड़बड़ी कहां और किस तरह की हुई। मगर फिर भी न तो इस मुद्दे को तात्कालिक नजरिए से देखा जा सकता है और न ही महज कानून व्यवस्था की समस्या के रूप में। हिंसा इस राज्य के राजनीतिक जीवन का एक तरह से अभिन्न हिस्सा बन गया है। कोई भी राजनीतिक दल इससे अछूता नहीं है। एक समय में बिहार जैसे राज्य चुनावी हिंसा का पर्याय माने जाते थे। लेकिन धीरे-धीरे वहां भी हालात बदले और अब चुनावी हिंसा अपवादस्वरूप ही देखने को मिलती है। पर पश्चिम बंगाल में स्थिति लगभग जस की तस बनी हुई है। सरकार बदलने का भी कोई असर इस मामले में नहीं दिखा। इसी सदी की बात करें तो 2003 में हुए पंचायत चुनाव असाधारण हिंसा के लिए जाने गए। वोटिंग के दिन 40 लोग मारे गए थे। तब वहां वाम दलों का शासन था। लेकिन 2011 में राज्य में सरकार बदल जाने के बाद भी चुनावों में जोर-जबर्दस्ती का ट्रेंड नहीं बदला। 2013 और 2018 के पंचायत चुनावों में भी वोटिंग के दिन क्रमशः 13 और 14 लोग मारे गए थे। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी यही स्थिति रहती है। राज्य में 2019 के लोकसभा चुनावों में 9 और 2021 के विधानसभा चुनावों में 16 मौतें दर्ज हुई थीं। बेशक सत्ता में तृणमूल कांग्रेस है, इसलिए हिंसा रोकना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी बनती है, लेकिन ऐसे मामले में अन्य दलों को भी उनके दायित्व से मुक्त नहीं किया जा सकता। ताजा हिंसा की ही बात करें तो यह तथ्य तो अपनी जगह है ही कि मारे गए लोगों में सबसे ज्यादा संख्या तृणमूल कांग्रेस के ही लोगों की है।

# प्रशासन की लापरवाही से आफत की बरसात

ANALYSIS



डॉ. अनिल कुमार निगम

**मानसून में बारिश होना पूरी तरह से स्वाभाविक प्रक्रिया है। शहरों और घरों में पानी का सैलाब जो उमड़ रहा है, वह प्राकृतिक आपदा कम बल्कि मानव निर्मित आपदा ज्यादा है। भूजल का संकट झेल रहे भारत में बारिश का पानी अभी भी नालों, नालियों और नदियों में बह रहा है। अधिसंख्य शहरों में ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से पंगु है और वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कागजों में चल रहा है। यही कारण है कि तेज बारिश के चलते अरबों रुपये का संपत्ति और लोगों की जान का नुकसान हो चुका है। दिलचस्प बात यह है कि हर प्रदेश सरकार और स्थानीय नगर निकाय वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और नालों के निर्माण और उनकी सफाई पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं,लेकिन यह काम धरातल पर कम और कागजों पर ज्यादा सरपट दौड़ लगाते हैं। इस समय बारिश का पानी संचय होने की जगह सीधे नालों और नदियों में जा रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि राज्य सरकारें, स्थानीय निकाय और प्रशासन बरसात के पहले इसकी तैयारी क्यों नहीं करते?**

विगत कुछ दिनों से देश के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। अब तक करीब सौ लोगों को मौत हो चुकी है। अनेक पुल पानी के बहाव में बह गए हैं। देश की राजधानी सहित अनेक स्मार्ट शहरों में जल का भारी जमाव हो रहा है। मानसून में बारिश होना पूरी तरह से स्वाभाविक प्रक्रिया है। शहरों और घरों में पानी का सैलाब जो उमड़ रहा है, वह प्राकृतिक आपदा कम बल्कि मानव निर्मित आपदा ज्यादा है। भूजल का संकट झेल रहे भारत में बारिश का पानी अभी भी नालों, नालियों और नदियों में बह रहा है। अधिसंख्य शहरों में ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से पंगु है और वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कागजों में चल रहा है। यही कारण है कि तेज बारिश के चलते अरबों रुपये का संपत्ति और लोगों की जान का नुकसान हो चुका है। दिलचस्प बात यह है कि हर प्रदेश सरकार और स्थानीय नगर निकाय वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और नालों के निर्माण और उनकी सफाई पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं,लेकिन यह काम धरातल पर कम और कागजों पर ज्यादा सरपट दौड़ लगाते हैं। इस समय बारिश का पानी संचय होने की जगह सीधे नालों और नदियों में जा रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि राज्य सरकारें, स्थानीय निकाय और प्रशासन बरसात के पहले इसकी तैयारी क्यों नहीं करते? और अगर शहरों का प्रशासन इसमें हीलाहवाली करता है अथवा संबंधित लोग वाटर हार्वेटिंग सिस्टम को लगाने और उसे चालू रखने में लापरवाही बरतता है तो उनसे सख्ती से क्यों नहीं निपटता? क्या, शासन और प्रशासन ऐसे ही लापरवाही करता रहेगा और जनता समस्याओं से जूझती रहेगी? देश की राजधानी दिल्ली में अत्यंत खराब स्थिति है। बरसाती नालों की सफाई न होना भी जलभराव का एक छोटा सा कारण है, लेकिन इसकी असली समस्या कुछ और है। दिल्ली में इस समस्या की मूल वजह ड्रेनेज की समुचित व्यवस्था न होना है। वास्तविकता तो यह है कि दिल्ली का 65 फीसदी हिस्सा अनियोजित तरीके से बसा है। इस क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से ड्रेनेज सिस्टम नहीं बनाया गया है। चौंकाने की बात यह है कि यहां पर 1700 अनियमित कॉलोनियां हैं, जहां ड्रेनेज सिस्टम ही नहीं है। उत्तर प्रदेश में दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की स्थिति कमोवेश एक जैसी है। प्रयागराज और वाराणसी का ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करने के लिए करोड़ों रुपये बहाए गए, लेकिन व्यवस्था आज ठीक नहीं सकी। मेरठ शहर में भी जरा सा पानी बरसा और सड़कें लबालब। यही हाल अलीगढ़, बरेली, आगरा, मुरादाबाद व अन्य शहरों का है। जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू की आबादी 16 लाख से अधिक है। बरसात का पानी नालों के जरिए तवी नदी में जाता है। आबादी बढ़ने के साथ पक्के मकान भी बढ़ते गए। चौदह बड़े नाले शहर के बीच आ गए। तब ये नाले 50 से 60 फीट चौड़े थे जो अतिक्रमण के कारण अब 10-20 फीट ही रह गए हैं। जम्मू पश्चिम में सीवरेज शुरू होने से शहर के करीब 20 प्रतिशत हिस्से में जल निकासी में थोड़ा सुधार हुआ, लेकिन निचले क्षेत्र आज भी तेज बारिश में जलभराव समस्या झेलते हैं। पांच हजार साल पहले बसे श्रीनगर की आबादी इस समय 14 लाख से ऊपर पहुंचने के बावजूद यहां 60 फीसद क्षेत्र में ड्रेनेज व्यवस्था ही नहीं है। प्रदेश में दस लाख से अधिक आबादी वाले दो बड़े शहर गुरुग्राम और फरीदाबाद हैं। नई ड्रेनेज लाइन 1970 के दौरान नए सेक्टरों में तो डाली गई, मगर यह लाइन कहां से शुरू हुई और किस नदी-नाले में मिलेगी, इसका छोर या अंत किसी को नहीं पता। 2010 में पुराना फरीदाबाद में 30.64 करोड़ रुपये की लागत से जवाहर लाल नेहरू अर्बन रिन्यूवल मिशन के तहत ड्रेनेज लाइन डाली गई थी मगर यह लाइन भी बरसाती पानी की निकासी के लिए कभी कारगर साबित नहीं हुई। वहीं, पूरा गुरुग्राम निचले क्षेत्र में बसा है। शहर के अनुरूप ड्रेनेज सिस्टम विकसित नहीं किया गया। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में नवाब के समय स्विट्जरलैंड की तर्ज पर तालाबों को लिंक कर ड्रेनेज सिस्टम बनाया गया था। यह सिस्टम अब पूरी तरह खत्म हो गया है। नालों पर अतिक्रमण होते गए, पानी रुकने लगा। यही हाल इंदौर का भी है। यहां तीन हजार किलोमीटर लंबी सड़कें हैं, लेकिन 10 फीसद में भी बारिश के पानी की निकास की व्यवस्था नहीं है। देश के विभिन्न शहरों में भी बहुत अच्छी स्थिति नहीं है। वास्तविकता तो यह है कि जिस तरीके से भारत में भूजल का स्तर नीचे जा रहा है, बरसाती पानी का संचय करना बहुत आवश्यक है। ज्यादातर सरकारी और गैर सरकारी भवनों में वर्ष जल संरक्षित करने की व्यवस्था नहीं है।



दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में सरकारी और गैर सरकारी भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम समुचित तरीके से काम नहीं करते हैं। यही कारण है कि राजधानी दिल्ली के द्वारका की कई सोसाइटियों में वर्षा जल संचयन प्रणाली के बंद होने की शिकायत पर एनजीटी ने दिल्ली सरकार से इस संबंध में रिपोर्ट मांग थी। वर्षा जल संचयन प्रणाली को लेकर लापरवाही करने वालों पर पांच लाख रुपये तक जुमार्ना लग सकता है। जुमार्ना से बचने के लिए आवासीय व व्यवसायिक परिसरों में वर्षा जल संचयन प्रणाली लगाने के बाद उसके रखरखाव पर ध्यान नहीं देते हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) में दिल्ली सरकार द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट में वर्षा चल संचयन के चालू स्थिति में नहीं होने पर पांच लाख रुपये तक पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा गया था। द्वारका की कई सोसाइटियों में वर्षा जल संचयन प्रणाली के बंद होने की शिकायत पर एनजीटी ने दिल्ली सरकार से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी थी। कुछ दिनों पहले सरकार ने उसे रिपोर्ट दी है। उसने कहा है कि नियम का उल्लंघन करने वाले गैर आवासीय इकाइयों के लिए 50 प्रतिशत जुमार्ना बढ़ाया जा सकता है। कहने का आशय है कि भारी बारिश के बाद देश के विभिन्न शहरों में जलभराव से पैदा स्थिति के लिए शासन और प्रशासन की योजना में चूक के साथ-साथ उसके क्रियान्वयन में भारी लापरवाही है। अगर समय रहते इस समस्या के समाधान पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में समस्या और गहरा सकती है।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# क्यों भारत के लिए खास है फ्रांस

भारत-फ्रांस के बीच घनिष्ठ संबंधों की इबारत को नए सिरे से लिखने के इरादे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 14 जुलाई को फ्रांस की यात्रा पर जा रहे हैं। वे वहां पर बैस्टिल डे परेड में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मोदीजी की यात्रा के दौरान दोनों देश महत्वपूर्ण रक्षा और व्यापारिक समझौते पर मुहर लगाएंगे। भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस के साथ 26 राफेल एम (मरीन) लड़ाकू विमानों का सौदा होने की उम्मीद है। भारतङ्क फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने 8 जून को ओमान की खाड़ी में अपना पहला त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसमें आईएनएस तरकश, फ्रांसीसी जहाज सुरकौफ, फ्रेंच राफेल विमान और यूएई नौसेना समुद्री गश्ती विमान की भागीदारी थी। इस अभ्यास में सतही युद्ध जैसे नौसेना संचालन का एक व्यापक स्पेक्ट्रम देखा गया था, जिसमें सतह के लक्ष्यों पर मिसाइल से सामरिक गोलीबारी और अभ्यास, हेलीकाप्टर क्रॉस डेक लैंडिंग संचालन, उन्नत वायु रक्षा अभ्यास और बोर्डिंग संचालन शामिल थे। मोदीजी की यात्रा से ठीक पहले इस तरह के अभ्यास का उद्देश्य तीनों नौसेनाओं के बीच त्रिपक्षीय सहयोग को बढ़ाना और समुद्री वातावरण में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों को दूर करने के उपायों को अपनाने का मार्ग प्रशस्त करना था। इस बीच, यह भी महत्वपूर्ण है कि भारतझ्रफ्रांस रणनीतिक साझेदारी के इस साल 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आपको याद होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सन 2016 में भारत की विदेश नीति बड़ा बदवाल तब किया था जब उन्होंने फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रांसिस ओलांद की दिल्ली की जगह चंडीगढ़ में अगवानी की थी। मोदीजी से पहले के प्रधानमंत्रियों के दौर में विदेशों से भारत आने वाले राष्ट्राध्यक्ष और प्रधानमंत्री दिल्ली आते थे और उन्हें ज्यादा से ज्यादा आगरा में ताजमहल घुमा दिया जाता था। अब इन महत्वपूर्ण स्थानों में अहमदाबाद, बनारस, चंडीगढ़, बेंगलुरु और तमिलनाडु के मंदिर भी शामिल हो गए हैं। और भी कुछ शहर इस नीति का आने वाले वक्त में हिस्सा बनेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रांसिस ओलांद उस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे। ओलांद और मोदी के बीच चंड़ीगढ़ में विस्तार से गुफ्तुगू हुई। फ्रांस के राष्ट्रपति का भारतीय दौरा चंडीगढ़ से शुरू करने के पीछे एक वजह थी। दरअसल चंडीगढ़ के डिजाइनर ली कार्बूजिए फ्रांस के ही नागरिक थे। यहां पर ली कार्बूजिए के सहयोगी प्रो. जेके चौधरी की चर्चा करना भी समीचिन होगा। प्रो.जेके चौधरी ने ली कार्बूजिए के साथ काम करके बहुत कुछ सीखा था। दोनों भारत तथा फ्रांस के आर्किटेक्चर पर लंबी चर्चा भी करते थे। प्रो. चौधरी ने आईआईटी दिल्ली को डिजाइन किया था। इनमें क्लास रूम, छात्रावास, हॉल, प्रयोगशालाएं,फैक्ल्टी के फ्लैट, कर्मियों के फ्लैट वगैरह शामिल थे। उनके सामने वास्तव में बड़ी चुनौती थी कि वे इतने विशाल कैंपस में इतनी अलग-अलग उपयोग में आने वाली इमारतों के डिजाइन तैयार करें। इसमें कोई शक नहीं है कि प्रो. चौधरी को फ्रांस के महान आर्किटेक्ट के साथ काम करने के बाद बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का ठोस अनुभव प्राप्त हुआ। दरअसल आईआईटी से पहले दिल्ली में कोई इतना बड़ा शिक्षण संस्थान का कैंपस बना भी नहीं था।पर चंडीगढ़ के निर्माण के बाद उनके पास अनुभव पर्याप्त हो गया था। फांस के राष्ट्रपति ओलांद की उसी यात्रा के समय फ्रांस ने भारत 33 राफेल लड़ाकू विमान देने का वादा किया था। राफेल की जद में पूरा पाकिस्तान आ जाता है जिससे हमें पाकिस्तान पर काफी बढ़त मिल जाती है। भारत को राफेल विमान मिलने भी लगे हैं। अगर दोनों देशों के संबंधों के इतिहास पर नजर डालें तो ये सदियों पुराने हैं। 17वीं शताब्दी से 1954 तक, फ्रांस ने भारत के पुडुचेरी में अपनी औपनिवेशिक उपस्थिति बनाए रखी थी। वहां पर अब भी फ्रांस की संस्कृति और इमारतों पर फ्रांस की वास्तुकला को देखा जा सकता है। खैर, बेशक,1998 में रणनीतिक साझेदारी की स्थापना के साथ, राष्ट्राध्यक्षों/सरकारी प्रमुखों के स्तर पर नियमित उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान और रक्षा, परमाणु जैसे रणनीतिक क्षेत्रों सहित बढ़ते वाणिज्यिक आदान-प्रदान के माध्यम से द्विपक्षीय सहयोग के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी फ्रांस यात्रा पर लौटते हैं। ये भारतीय प्रधानमंत्री की तीसरी फ्रांस की यात्रा है। मान कर चलिए कि मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन व्यापार और अर्थशास्त्र से लेकर ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी, रक्षा और सुरक्षा सहयोग और भारत-प्रशांत में सहयोग जैसे मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। यह भी लग रहा है कि फ्रांस ने पश्चिमी दुनिया में भारत के भरोसेमंद दोस्त और साझेदार के रूप में रूस की जगह ले ली है। भारत ने फ्रांस का तब से विशेष आदर करना शुरू कर दिया है, जब फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र में चीन द्वारा कश्मीर पर बुलाई गई बैठक में भारत के रुख का समर्थन किया था। फ्रांसीसियों ने पहले भी वैश्विक आतंकवादी मसूद अजहर पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन किया था। पुलवामा हमले के बाद भारत ने कूटनीति के मोर्चे पर पाकिस्तान को पूरी तरह से अलग- थलग कर दिया था। इसी के कारण पुलवामा हमले की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मसूद अजहर पर प्रतिबंध लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन ने प्रस्ताव पेश किया था। फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन ने अपने प्रस्ताव में मसूद की वैश्विक यात्राओं पर प्रतिबंध लगाने और उसकी सभी संपत्ति फ्रीज करने की मांग भी की। यह सब यूं ही नहीं हो गया। यह कहते हैं नेतृत्व के हनक का असर। आज मोदीजी ने विश्व को अपनी नेतृत्व क्षमता का मुरीद बना दिया।

# Social Media Corner

सच के हक में...



केर पूजा के विशेष अवसर पर शुभकामनाएं। मुझे आशा है कि त्रिपुरा में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाने वाला यह त्योहार सभी के जीवन को खुशी और समृद्धि से भर देगा। चारों ओर खुशियाँ और सद्भाव हो और सभी को अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद मिले।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



आइए हम इस बात की सराहना करें कि रियायतों को दान के रूप में गलत नहीं समझा जाना चाहिए और वास्तविक हितधारकों और भूमि स्वामित्व का आनंद लेने वाले पट्टेदार के बीच बातचीत के दौरान छूट पर तर्क को हावी होने दिया जाना चाहिए। जनहित में वैध समझौतों का धार्मिक सम्मान किया जाना चाहिए।

**(विधायक सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**



एक समाचार सुनकर दिल दहल गया है। धनबाद के सेंट जेवियर्स स्कूल में पढ़ने वाली 10वीं की छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। छात्रा ने अपने यूनिफॉर्म में सुसाइड नोट लिखकर रखा था। खुलासा हुआ है कि छात्रा बिंदी लगाकर स्कूल गई थी, इसे लेकर वहां की एक शिक्षिका ने उसे पीटा और अपमानित किया। इससे आहत छात्रा ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पता नहीं ऐसे विद्यालयों को सनातन प्रतीकों से चिढ़ क्यों है? माननीय मुख्यमंत्री जी, इस मामले पर संज्ञान लीजिए और स्कूल की मान्यता रद्द करने हेतु संबंधित विभाग को पत्र लिखिए।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# निवेशकों का पसंदीदा देश बना भारत

हाल में आई संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट, 2023 में कहा गया है कि वर्ष 2022 में विकसित देशों में कुल 378 अरब डालर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) आया। भारत में वर्ष 2022 में 49 अरब डालर का एफडीआइ आया। वैश्विक स्तर पर एफडीआइ में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआइ प्राप्त करने वाले 20 देशों की सूची में आठवें पायदान पर रहा। इस विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट में लिखा कि भारत निवेश के लिए सबसे बेहतर जगह है। देश के युवाओं द्वारा संचालित नया भारत टेक्नोलाजी, मैन्यूफैक्चरिंग और नवाचार के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी केंद्र के रूप में उभर रहा है। भारत को विदेशी निवेश का पसंदीदा केंद्र बनाने में हमारी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में देश की विकास दर अनुमान से अधिक 7.2 प्रतिशत रही। गत जून में देश में जीएसटी संग्रह, विनिर्माण के लिए पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआइ), यात्री वाहनों की बिक्री और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआइ) के जरिये हुए लेनदेन में प्रभावी वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसे उत्साहवर्द्धक आर्थिक आंकड़ों से दुनियाभर के वित्तीय संगठन और क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की विकास दर के छह से 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद व्यक्त कर रही हैं। कहा जा रहा है कि भारत विश्व अर्थव्यवस्था में नई शक्ति प्राप्त कर रहा है। चार वैश्विक रु झा न - ज न सा ं ख्यि क ी, डिजिटलीकरण, डिकार्बोनाइजेशन और डिग्लोबलाइजेशन नए भारत के पक्ष में हैं। साथ ही देश में प्रतिभाशाली नई पीढ़ी की कौशल दक्षता, आउटसोर्सिंग और बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति के कारण विदेशी निवेशक भारत की ओर देखने लगे हैं। मोदी सरकार ने उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए विगत नौ वर्षों में करीब 1,500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन समाप्त किए हैं। इस दौरान आर्थिक क्षेत्र में जीएसटी और दिवालिया कानून जैसे सुधार किए गए हैं। बैंकिंग क्षेत्र में जोरदार सुधार करके मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद की मदद से अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया गया है। कारपोरेट टैक्स को कम किया गया है। भारत के युवाओं ने डिजिटल और उद्यमिता के क्षेत्र में दुनिया भर में दबदबा कायम किया है और 100 से ज्यादा यूनिकार्न बनाए हैं। पिछले नौ साल में एक लाख से ज्यादा स्टार्टअप भी शुरू हुए हैं। कानून के कई प्रविधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने जैसे कदमों से देश में विदेशी निवेश का प्रवाह तेजी से बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए सरकार जिन रणनीतियों के साथ आगे बढ़ रही है, उससे देश में विदेशी निवेश बढ़ रहा है। भारत को एक वैश्विक डिजाइन और विनिर्माण केंद्र में बदलने के लिए मेक इन इंडिया 2.0, मैन्यूफैक्चरिंग इकाइयों के लिए तकनीकी समाधान को बढ़ावा देने के लिए उद्योग 4.0, स्टार्टअप संस्कृति को उत्प्रेरित करने के लिए स्टार्टअप इंडिया, मल्टीमाडल कनेक्टिविटी अवसंरचना परियोजना के लिए पीएम गतिशक्ति और उद्योगों को डिजिटल तकनीकी शक्ति प्रदान करने के लिए डिजिटल इंडिया जैसी सफल गतिविधियों के कारण भारत चौथी औद्योगिक क्रांति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारतीय कंपनियां शोध एवं नवाचार में आगे बढ़ रही हैं। आटोमेशन और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों पर भी उद्योग जगत की ओर से अपेक्षित ध्यान दिया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब 1.97 लाख करोड़ रुपये का आवंटन सुनिश्चित किया है।

# I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के 8वें संस्करण की शुरुआत हो चुकी है। इसके अंतर्गत शहरों में चल रही विभिन्न स्वच्छता के गतिविधियों की समीक्षा की जा रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में राजधानी को बेहतर अंक मिलें, इसके लिए प्रयास भी शुरू कर दिया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 वेस्ट टू वेल्थ थीम पर आधारित है। इसके लिए मुख्यत: डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण में विशेकर कूड़ा के पृथक्करण को ध्यान रखने तथा सूखा एवं गीला कचरा को अलग-अलग डस्टबिन में रखने के लिए आम नागरिकों के बीच जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। वास्तव में वर्तमान समय में वेस्ट मैनेजमेंट भी अति महत्वपूर्ण है। नगर निगम को कूड़ा के पृथक्करण करने की आवश्यकता है। विभिन्न वार्डों में कूड़े को डंप किया जाता है जो काफी खराब स्थिति है। डंपसाइट को खत्म करने और त्वरित वैसे साइट्स की सफाई सुनिश्चित करने की जरूरत है। इसके साथ ही निगम क्षेत्र के सभी माड्यूलर टायलेट, सुलभ शौचालय की प्रतिदिन सफाई की जानी चाहिए। अभी प्रतिदिन सफाई नहीं की जा रही है। एक समस्या जो दूर नहीं हो रही है वह है सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल। इस मामले में जितनी सख्ती की जानी चाहिए, उतनी दिख नहीं रही है। अभियान मात्र दिखावे के लिए चलाया जाता है। मीडिया के माध्यम से बतानेभर के लिए चलाया जाता है। एक समय व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अपनी-अपनी दुकान के बाहर डस्टबिन रखने के लिए निर्देशित किया गया था। कुछ समय तक लगा कि इससे सफाई व्यवस्था बनी रहेगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कुछ तो प्रशासनिक लापरवाही और कुछ लोगों की उदासीनता। दोनों ने मिलकर सारी कवायद ध्वस्त कर दी। दोनों ही स्तरों से अत्यधिक सक्रियता की जरूरत है।

**हरिनाथ साहू, नेता लोकहित अधिकार पार्टी सह केंद्रीय महासचिव, झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# SC-ST के छात्रों को सामान्य डिग्री की पढ़ाई के लिए 50 हजार की वित्तीय सहायता देगी राज्य सरकार

**PHOTON NEWS BHUBANESHWAR :** ओडिशा सरकार अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय के गरीब परिवारों के छात्रों को किसी भी राज्य संचालित संस्थान में सामान्य डिग्री पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने के लिए 50,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने यहां जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह घोषणा की।



जनजातीय सलाहकार पषिद की बैठक में उपस्थित सीएम व अन्य। • फोटोन न्यूज

नवीन पटनायक ने कहा कि राज्य के किसी भी सरकारी संस्थान में सामान्य डिग्री पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वाले वंचित पृष्ठभूमि के जरूरतमंद एसटी-एससी छात्रों को 50,000 रुपये तक की एकमुश्त वित्तीय सहायता इस वर्ष से प्रदान की जायेगी।

पटनायक ने शिक्षा को लोगों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण माध्यम करार देते हुए कहा कि ओडिशा आदिवासी छात्रों को आवासीय सुविधाएं प्रदान करने में अग्रणी राज्यों में से एक है।

पटनायक ने कहा कि शिक्षा विभाग के तहत संचालित ऐसे 1,735 स्कूलों में 4.2 लाख घरों के छह लाख से अधिक छात्रों के लिए छात्रावास सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में एसटी और एससी विकास विभाग के तहत उच्च माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 215 से बढ़कर 422 हो गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एसटी और एससी छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए 62 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोले गये हैं। पटनायक ने दावा किया कि राज्य सरकार आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार करने और उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पहल कर रही है।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की शिक्षा, आजीविका और उनके अधिकारों की सुरक्षा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता रहा है। उन्होंने कहा कि ओडिशा ने सबसे बड़ी विशिष्ट आदिवासी आजीविका संवर्धन पहलों में से एक के रूप में मुख्यमंत्री जीविका मिशन की भी शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि यह योजना, 500 करोड़ रुपये के बजट आवंटन के साथ 2022-23 से तीन साल की अवधि में राज्य के 121 टीएसपी (आदिवासी उप-योजना) ब्लॉक में 1.5 लाख आदिवासी परिवारों को सहायता प्रदान करेगी।

## BRIEF NEWS

### चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य बोर्ड के अधिकारी से मिले, की चर्चा




**ROURKELA :** राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने आज दोपहर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ओडिशा, राउरकेला के क्षेत्रीय अधिकारी डा. अनूप कुमार मल्लिक से एक औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान जिले के उद्योगों एवं कल कारखानों के विभिन्न समस्या और समाधान पर चर्चा की। इस पर प्रदूषण अधिकारी डा. अनूप कुमार मलिक ने सहयोग करने की बात कही और हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष सुनील कयाल, उपाध्यक्ष गुरुमीत सिंह, एडमिन एवं पीआर शुभम कपूर, आईटी सचिव प्रमोद कुमार नतुल्य, आमंत्रित सदस्य नरेश अग्रवाल और सदस्य दीपक मोदी उपस्थित थे।

### राउरकेला के तीन थानेदार मुख्यालय पदस्थापित

**ROURKELA :** राउरकेला जिला पुलिस ने स्टेबलिस्मेंट बोर्ड ने तीन थाना प्रभारियों को पुलिस मुख्यालय में पदस्थपित किया है। ब्राह्मणीतरंग थाना के आइआइसी आदित्य महकुड़ को पुलिस मुख्यालय में पस्थापित किया गया है। वहीं बंडामुंडा थाना अधिकारी बुलू स्वाईं, सेक्टर-15 के थाना अधिकारी मानस कुमार स्वाई को मुख्यालय में पोस्टिंग की गई है। सोमवार को इस संदर्भ में आदेश जारी हुआ है। इनके स्थान पर थाना के सेकेंड आफिसर कार्यभार संभालेंगे।

### रायपुर डिवीजन में डेवलपमेंट वर्क से रद्द रहेगी टाटा-इतवारी एक्सप्रेस

**ROURKELA :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में दुर्ग के पास विकासात्मक कार्यों के लिए ट्रैफिक-सह-पावर ब्लॉक लिया गया है। इसके कारण 16 जुलाई से 20 जुलाई के बीच टाटा-इतवारी एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस 16 और 19 जुलाई को रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन नंबर 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस 17 और 20 जुलाई को रद्द की गई है। अचानक ट्रेन के रद्द होने से पूर्व से टिकट कराएं यात्रियों को परेशानी होगी।

### ओडिशा में नवविवाहित युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**ODISHA :** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में अज्ञात हमलावरों ने एक नवविवाहित युवक की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुधांशु बिस्वाल (28) की रूप में हुई है जो राजकनिका पुलिस थाना क्षेत्र के कलिकापुर गांव का निवासी था। युवक का शव सोमवार को दोपहर में तेरनतापाड़ा छाक के जयनगर-सिंहपुर मार्ग पर मिला। पुलिस के अनुसार, बिस्वाल पलाई गांव की एक लड़की से प्यार करता था जिसके परिजन इस रिश्ते के खिलाफ थे। लड़की अपने अभिभावकों की आपत्ति के बावजूद भाग गयी और दोनों ने 25 जून को विवाह कर लिया था। राजकनिका पुलिस थाने के निरीक्षक बिल्वमंगल सेठी ने कहा कि हमें संदेह है कि जब व्यक्ति दोपहिया वाहन से जा रहा था तब अज्ञात लोगों ने उसे रोका और उस पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों को वह खून से लथपथ पड़ा मिला, इसके बाद ग्रामीण उसे अस्पताल लेकर गये लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पुलिस के साथ फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य एकत्रित किये। सेठी ने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। हमने मामला दर्ज कर लिया है और हत्यारों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जुटा रहे हैं।

## चावल तस्करी की जांच के लिए 4 सदस्यीय टीम गठित, ट्रांसपोर्ट एजेंसी पर हेराफेरी का शक

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला में दो दिन पहले शनिवार को एसटीआई स्थित आपूर्ति विभाग के गोदाम से 25 टन पीडीएस चावल नुआगांव प्रंखड के करकटनासा पंचायत के लिए निकली थी। लेकिन चावल को लाठीकटा ब्लॉक के बिरकेरा से बरामद किया गया। इस मामले में चावलों की हेराफेरी सामने आई है।

शनिवार की सुबह पकड़े गए 25 टन पीडीएस चावल के मामले में पानपोष के प्रशासनिक पदाधिकारी अभिमन्यु माझी ने जांच के निर्देश दिए है। उनके निर्देश पर नुआगां प्रखंड के आपूर्ति अधिकारी पाउलूस केरकेटा ने रघुनाथपाली थाने में लिखित शिकायत दी है। उनकी लिखित शिकायत के आधार पर रघुनाथपाली पुलिस ने जांच के लिए 4 सदस्यीय टीम का गठन किया है। अभिमन्यु मांझी ने कहा कि जांच रिपोर्ट के बाद प्रशासनिक कार्रवाई होगी। शुरूआती जांच में कहा है कि परिवहन एजेंसी ने गलत इरादे से यह कारनामा किया है।

इस बात की भी जांच चल रही है कि राउरकेला एसटीआई रोड आपूर्ति गोदाम से नुआगां जा रहे पीडीएस चावल लदे ट्रक की पहचान प्रभारी आपूर्ति विभाग के कर्मचारी कैसे नहीं कर पाए। एसटीआई स्थित आपूर्ति विभाग के गोदाम से नुआगांव ब्लॉक के करकटनासा पंचायत तक यात्रा करने के लिए परिवहन एजेंसी दीनदयाल साहा को ट्रांजिट पास जारी किया गया था। हालांकि, 25 टन चावल लदा ट्रक कुछ ही घंटों में गंतव्य तक पहुंचने के बजाय लठीकटा ब्लॉक की ओर चला गया।

## लेफ्रीपाड़ा में संयुक्त जन शिकायत सुनवाई में 79 शिकायतें हुई, 21 का हुआ त्वरित निपटारा

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** जिला प्रशासन का संयुक्त जन शिकायत सुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को लेफ्रीपाड़ा ब्लॉक में आयोजित हुआ। इस दौरान सुंदरगढ़ के जिला मजिस्ट्रेट डॉ. पराग हर्षद गवली और सुंदरगढ़ के एसपी प्रीश दिबाकर उपस्थित थे। उन्होंने आम लोगों द्वारा उठाई गई विभिन्न आपत्तियों को सुना। इस जनसुनवाई में कुल 79 शिकायतें प्राप्त हुईं।

79 शिकायतों में 49 व्यक्तिगत शिकायतें थीं। वहीं 30 शिकायतें सामूहिक या सामूहिक समस्याओं से संबंधित थीं। व्यक्तिगत शिकायतों में इंदिरा आवास, राशन कार्ड, बिजली आपूर्ति, वृद्धावस्था भत्ता शामिल थीं। कोर्ट केस आदि 21 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। अन्य शिकायतों पर जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को विचार कर निस्तारण करने के निर्देश दिये।

नरसंहार में प्रधानमंत्री राहत कोष से तीन लाभार्थियों और रेड क्रॉस से एक लाभार्थी को वित्तीय सहायता दी गई। मुख्य विकास अधिकारी और कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद मनोज महाजन, सुंदरगढ़ बनखंड अधिकारी प्रदीप मिरासे, सदर उपजिलापाल दशरथी सराबू, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरोज कुमार मिश्रा, वीडियो लेफ्रीपाड़ा, संजय बेहरा एवं सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## ब्राह्मणी तरंग थाना पुलिस ने चार बाइक लुटेरों को किया गिरफ्तार



गिरफ्तार लुटेरे व जानकारी देती पुलिस। • फोटोन न्यूज

**ROURKELA :** राउरकेला ब्राह्मणी तरंग थाना पुलिस ने चार बाइक लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की तीन बाइक जब्त कीं। साथ ही इन लुटेरों के पास से 10 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप भी बरामद किया है। 4 लुटेरे भी पकड़े है। इसमे 21 वर्षीय बबलू उर्फ कटालिलुहा बुरुला वेदब्यास, रुद्र उर्फ उथम सिंह, दीपक कुमार साहू शामिल है। दरअसल पिछले दिनों 3 बाइक चोरी हुई थी।

ब्राह्मणीतरंग पुलिस ने मामले की जांच की। पुलिस ने छापेमारी कर पुलिस ने चोर को पकड़ लिया और उसके पास से बाइक भी बरामद कर ली। सभी आरोपी वेद व्यास अंचल के निवासी है। पुलिस ने कहा कि एक लुटेरे के नाम पर पहले से ही कुछ मामले दर्ज हैं जबकि अन्य की जांच चल रही है। यह जानकारी संवाददाता सम्मेलन में एसडीपीओ शांता नूतन सामद ने दी।

## ग्रासरूट फुटबॉल योजना का शुभारंभ, 8-13 वर्ष तक के बच्चों में प्रतिभा निखारने की हो रही कवायद

**PHOTON NEWS ROURKELA :** भारतीय फुटबॉल महासंघ और ओड़िशा फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में फुटबॉल प्रतिभाओं को ढूंढने, प्रशिक्षण की व्यवस्था और उन्हें उपकरण उपलब्ध कराने के लिए ग्रास रूट लेवल पर प्रशिक्षण की योजना शुरू की गई है। योजना की आधिकारिक शुरूआत रविवार शाम को कलिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन की ओर से उदित नगर मिनी स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित हुआ।



उदित नगर मिनी स्टेडियम में कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी। • फोटोन न्यूज

योजना की शुरूआत के लिए राज्य फुटबॉल संघ के तकनीकी सलाहकार सुरजीत घोष, संयुक्त सचिव मुहम्मद शाहिद जब्बार और महिला फुटबॉल अध्यक्ष सहदेव राउत्त ने किया। कलिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन के सचिव संजय बबुता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एक सौ अधिक फुटबॉल सीखने के विद्यार्थी उपस्थित थे।

सुरजीत घोष ने नारियल फोड़कर विधिवत रूप से ग्रासरूट फुटबॉल प्रशिक्षण की शुरूआत की। उन्होंने योजना का बारे में बताते हुए कहा कि फुटबॉल महासंघ देश में आठ से तेरह वर्ष के बच्चों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देने की योजना बनाई है। इसमें स्थानीय खेल संस्थाओं का सहयोग लिया जा रहा है। इस योजना में राउरकेला में शुरू होने वाला राज्य का यह चौदहवां केंद्र है। शाहिद जब्बार और सहदेव राउत्त ने बच्चों को पूरी निष्ठा से प्रशिक्षण पर ध्यान देने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा भविष्य में इन्हीं केंद्रों से खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कुछ समय बाद इन केंद्रों को खेल उपकरण भी दिये जायेंगे।

संजय बबुता ने फुटबॉल अधिकारियों को बताया कि कलिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन से 55 पूर्व खिलाड़ी जुड़े हुए हैं। वे बिना पैसे के निस्वार्थ भाव से फुटबॉल के उत्थान के काम में जुटे हुए हैं। उन्होंने इस योजना में कलिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन को साझीदार बनाने के लिये राज्य अधिकारियों को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में पूर्व संतोष ट्राफी खिलाड़ी बैद्यनाथ मिश्र, बनमाली, धनेश्वर तिर्की, शांडिल, बी. महांति, प्रशांत पाल, शुकरु तांती, करिश्मा ओराम, अंजली समेत बड़ी संख्या में पूर्व खिलाड़ी, बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## प्रशासनिक पदाधिकारियों के फैसले के खिलाफ उपायुक्त से मिलने पहुंचे गौड़ समाज के लोग

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सदर प्रखंड अंतर्गत मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के खूंटा गांव के गौड़ समुदाय के लोग पिछले सात दिनों से बंदी की तरह रहने को विवश है। चूंकि गांव के ग्रामीणों ने गौड़ समाज के लोगों पर गांव के मवेशियों को चराने का दबाव बना रहे हैं। जब समाज के लोगों ने मवेशी चराने से इंकार कर दिया तो ग्रामीणों ने इन लोगों के आने जाने वाली मुख्य गली को झाड़ी से घेर कर रास्ता बंद कर दिया है। यह मामला विगत 5 जुलाई से चल रहा है।




उपायुक्त कार्यालय के पास खड़े गौड़ समाज के लोग। • फोटोन न्यूज

इस मामले में प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी समाज के लोगों पर दबाव बनाते हुए मवेशी चराने का फैसला सुना दिया है। इससे नाराज गौड़ समाज के लोगों ने मंगलवार को न्याय की गुहार लगाने के लिए उपायुक्त अनन्य मित्तल से मिलने पहुंचे हुए थे। समाज के लोगों ने यहां उपायुक्त से मिलकर मामले की पूरी जानकारी दी। मौके पर सदर एसडीओ शशींद्र बड़ाइक भी मौजूद थे।

उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ से कहा कि प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत खूंटा गांव के दोनों पक्षों की बैठक कर मामला को सुलझाएं। हालांकि इसकी शिकायत दो दिन पूर्व ही गौड़ समाज के लोगों ने सदर एसडीओ से कर चुके है। एसडीओ के निर्देश पर 10 जुलाई को सदर बीडीओ पारूल सिंह, सीओ एवं मुफ्फसिल थाना प्रभारी पवन पाठक की मौजूदगी में खूंटा गांव में बैठक भी हुई।

गौड़ समाज के लोगों के अनुसार बैठक में शामिल प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी गौड़ समाज के लोगों पर मवेशी चराने का दबाव बनाते हुए मवेशी चराने का फैसला सुना दिया। प्रशासनिक पदाधिकारियों के फैसले से नाराज होकर कई लोग बैठक से उठकर चले गए। कुछ लोग डरे सहमे ग्रामसभा की रजिस्टर पर हस्ताक्षर भी कर दिए। गौड़ समाज के लोगों को कहना है कि मवेशी चराने के इच्छुक लोग चरा सकते हैं। इसमें कोई आपत्ति नहीं। कुछ लोग तो मवेशी चरा भी रहे हैं। लेकिन पूरे समाज के लोगों के लिए यह फरमान कताई मंजूर नही है। प्रशासनिक पदाधिकारियों के इस फैसला गलत है। इससे नाराज गौड़ समाज के लोगों ने मंगलवार को उपायुक्त एक ज्ञापन सौंपकर न्याय दिलाने की गुहार लगायी है। इसकी प्रतिलिपि कोल्हान आयुक्त व मानवाधिकार आयोग को भी भेजी गयी।

**क्या है मामला :** दरअसल गौड़ समाज के लोग वर्षों से खूंटा गांव में रहते आ रहे हैं। कुछ लोग अब भी गाय-बैल बकरी चराकर अपना जीविका चला रहे हैं। कुछ लोग आज भी मवेशी चरा रहे हैं। लेकिन खूंटा गांव के ग्रामीणों ने पूरे समाज के लोगों पर जबरन गाय-बैल, बकरी चराने के लिए दबाव बना रहे हैं। जब गौड़ समाज के लोग इसे मानने को तैयार नहीं हुए तो इन लोगों के आने-जाने का रास्ता झाड़ियों से घेर कर पूरी तरह से बंद कर दिया। यही नहीं बातें नहीं मानने पर गौड़ समाज के लोगों को यहां से भगा देने की धमकी दी जा रही है। तब गौड़ समाज के लोगों ने 5 जुलाई को मुफ्फसिल थाना पहुंच कर न्याय की गुहार लगायी थी। आनन-फानन से मुफ्फसिल थाने की पुलिस खूंटा गांव के ग्रामीण मुंडा सिकंदर बारी व अन्य ग्रामीणों को बुलाकर आने-जाने का रास्ता छोड़ देने का निर्देश दिया था। इसके बाद शाम होते-होते रास्ता को खोल दिया गया। लेकिन दूसरे दिन सुबह फिर से कुछ ग्रामीणों ने रास्ता को झाड़ियों से घेर कर बंद कर दिया। इससे गौड़ समाज के लोगों को आने जाने कठिनाई हो रही है। यही नहीं गौड़ समाज के लोगों का गाय-बैल व बकरी भी घर के अंदर बांधे के बांधे रह गए हैं। यहां तक कि पढ़ाई कर रहे बच्चे स्कूल कॉलेज तक नहीं जा पा रहे हैं।

**KOLHAN YOUTH FIGHTERS के तत्वावधान में छात्रों ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन**

## JLN कॉलेज में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल में हो, कुड़माली और कुडुख भाषा को जोड़ने की मांग

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कोल्हान यूथ फाइटर्स के तत्वधान में मंगलवार को कोल्हान विश्वविद्यालय छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल समेत क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा के सैकड़ों छात्रों ने मिलने कोल्हान विवि पहुंचे हुए थे। छात्रों ने जवाहरलाल नेहरू कॉलेज चक्रधरपुर समेत कोल्हान विश्वविद्यालय से अंगीभूत महाविद्यालयों में हो एवं कुड़माली विषय में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल खोलने एवं तारीख विस्तारित करने के संबंध में कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव को मांग पत्र सौंपा।



कोल्हान विवि पहुंचा छात्रसंघ का प्रतिनिधिमंडल। • फोटोन न्यूज

हो एवं कुड़माली छात्रों का कहना है कि जेएलएन कॉलेज चक्रधरपुर समेत कोल्हान विश्वविद्यालय से अंगीभूत महाविद्यालयों में स्नातक में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल खुला हुआ है। जिसका अंतिम तिथि 12 जुलाई है। परंतु अभी तक हो और कुड़माली विषय का विकल्प नहीं दिख रहा है। जवाहरलाल नेहरू कॉलेज चक्रधरपुर आदिवासी बहुल इलाके में स्थित है। यह क्षेत्र का एकमात्र कॉलेज है जहां जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा हो एवं कुड़माली की पढ़ाई रांची विश्वविद्यालय के समय से ही चल रही है। इसके अतिरिक्त कोल्हान विश्वविद्यालय से अंगीभूत ऐसे महाविद्यालयों जिसमें पूर्व से हो एवं कुड़माली विषय की पढ़ाई निरंतर जारी थी। पर चांसलर पोर्टल में विकल्प नहीं आ रहा है।

छात्रों ने केयू के सभी कॉलेजों में हो एवं कुड़माली विषय में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल खोलने के साथ-साथ तारीख विस्तारित करने की मांग की है। कुलसचिव ने मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल में हो, कुड़माली और कुडुख भाषा को जोड़ने का निर्देश दिया है। कुलसचिव ने अन्य महाविद्यालयों में इसके जांच के आदेश दिए हैं। अन्य मांगों पर जल्दी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल के रूप में छात्र नेता बसंत महतो, वासिल हेंब्रम, राकेश कुमार महतो, रामजन हांसदा, रवि महतो, दीपक महतो, समीर महतो, नीतू जोंको, जोंगा हेंब्रम, आसाई जोंको समेत सैकड़ों विधार्थी उपस्थित थे।

### अन्य प्रमुख मांगें

- स्नातक में नामांकन के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 12 जुलाई को विस्तारित किया जाए।
- सभी महाविद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के लिए सृजित पद के लिए घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति एवं जिन पदों का सृजन नहीं हुआ है उनके लिए कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र के आलोक में वित्त समिति के द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर अस्थायी अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाए।
- कोल्हान विश्वविद्यालय के जिन महाविद्यालयों में पूर्व से जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई होती थी उसे निरंतर जारी रखा जाए।
- जिस विषय में विद्यार्थी नहीं हैं उनके सृजित पद को खत्म किया जाए।
- टीआरएल डिपार्टमेंट में सृजित पदों पर त्वरित घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति किया जाए।
- कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों में निरंतर वृहद पैमाने पर परीक्षाओं में नकल की सूचनाएं प्राप्त होती रही है। निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि यह सच है। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा इस पर लगाम लगाया जाए। परीक्षाओं के संचालन के दौरान संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारी निरंतर औचक निरीक्षण पर आए।

## आदिवासियों ने निकाली रैली, समान नागरिक संहिता का किया विरोध




रैली में शामिल आदिवासी समुदाय के लोग। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** जिले के आदिवासियों ने सुंदरगढ़ जिला पेसा ग्राम सभा समन्वय समिति के बैनर तले समान नागरिक संहिता का विरोध करते हुए रैली निकाली। राउरकेला अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने संगठन के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। कानून आयोग के नाम राउरकेला अतिरिक्त जिलापाल को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान आदिवासियों की ओर से कहा गया कि आदिवासियों की एक अलग पहचान, धर्म, संस्कृति, रीति-रिवाज है। भारत सरकार श्रम अधिनियम 1996 के 5वें अनुच्छेद को लागू करने में विफल रही है और संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं है। ऐसी स्थिति में, भारत सरकार ने आदिवासियों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने के लिए समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार किया है। आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ेगा। मौके पर एस ओराम, विलियम मुंडा, जोसेफ मुंडा, सुषमा एक्का, दंबरुधर ह्रीविज, लोथर मुंडा समेत सैकड़ों की संख्या में आदिवासी उपस्थित थे।



# सालार को लेकर फैन्स की एक्साइटमेंट कई गुणा बढा

अपकमिंग फिल्म सालार- पार्ट 1 सीजफायर के धमाकेदार टीजर लॉन्च के बाद से ही फिल्म को लेकर फैन्स की एक्साइटमेंट कई गुना बढ गया है। हाल में निर्माताओं ने इस मैग्नम ओपस के ट्रेलर लॉन्च से जुड़ी एक आधिकारिक घोषणा की, जो दर्शकों और लाखों प्रभास फैन्स के लिए एक बड़े सरप्राइज के तौर पर सामने आया है। सालार पार्ट 1- सीज़फ़ायर पहली बार फेमस निर्देशक प्रशांत नील और सुपरस्टार प्रभास की ड्रीम टीम को एक साथ लाती है। इस मेगा प्रोजेक्ट का निर्माण सफल केजीएफ फ्रेंचाइजी के निर्माता होम्बले फिल्म्स के विजय किरागांदुर द्वारा किया गया है, और इसमें केजीएफ सीरीज की तकनीकी टीम भी शामिल है। रामोजी फिल्म सिटी और उसके आसपास 14 विशाल सेटों के निर्माण के साथ, यह फिल्म ऐसी भव्यता पेश करने का वादा करती है जो बड़े पर्दे पर पहले कभी नहीं देखी गई है। होम्बले फिल्म्स ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर फिल्म के ट्रेलर लॉन्च से जुड़ी एक बड़ी घोषणा की है, 卐आभार से अभिभूत! भारतीय सिनेमा की ताकत के प्रतीक सालार क्रांति का अभिन्न अंग बनने के लिए हम आपमें से हर एक से मिले भरपूर प्यार और साथ के लिए बेहद आभारी हैं। भारतीय फिल्म सालार के टीज़र को 100 मिलियन व्यूज को पार करने के लिए हमारे कमाल के प्रशंसकों और दर्शकों के लिए जोरदार तालियां! आपका अटूट साथ हमारे जुनून को बढ़ाता है और हमें सचमुच कुछ अलग करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आगे लिखा, अपने कैलेंडर में अगस्त एंड को मार्क कर लें, क्योंकि हम बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी करने की तैयारी कर रहे हैं जो भारतीय सिनेमा की भव्यता को प्रदर्शित करेगा। होम्बले फिल्म्स की सालार- पार्ट 1 सीज़फायर में प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू सहित कई शानदार कलाकारों की टुकड़ी शामिल हैं। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित ये फिल्म 28 सितंबर, 2023 को तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, तमिल और हिंदी सहित 5 भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सालार- पार्ट 1 सीज़फ़ायर अब तक बनी सबसे बड़ी भारतीय फिल्मों में से एक है, जो बाहुबली और केजीएफ सीरीज़ जैसी पॉपुलर ब्लॉकबस्टर फिल्मों के बराबर है। माना जा रहा है कि निर्माताओं ने एक और जबरदस्त फिल्म बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है और जिसमें हाई-एंड वीएफएक्स और ब्रेथटेकिंग एक्शन सीक्वेंसेज देने के लिए उन्होंने विदेशी स्टूडियो और कुशल स्टंटमैन की टीम को भी शामिल किया है। इस फिल्म के टीज़र रिलीज़ ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और प्रत्याशा की लहर जगाई है, जो सालार के विशाल यूनिवर्स को एक्सप्लोर करने के मौके का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो एक शानदार सिनेमाई सफर पर जाने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि प्रभास, पृथ्वीराज, श्रुति हासन, ईश्वरी राव, जगपति बाबू, श्रिया रेड्डी समेत कुछ और एक्टर बड़े पर्दे पर अपने किरदारों में जान फूंकते नजर आएंगे। बता दें कि इस फिल्म को प्रशांत लीन ने निर्देशित किया हैं और टीजर में डार्लिंग प्रभास के मैसी स्टाइल ने सिनेलवर्स को उत्साहित करने में कोई कसर बाकी नही छोड़ी है। इसके चलते हर तरफ चर्चा और प्रत्याशा जोरों पर है।



# ड्रग्स की मदहोशी को बयान करती एलएसडी-2 अगले साल होगी रिलीज

एकता कपूर की फिल्म एलएसडी-2 अगले साल रिलीज होगी। गौरतलब है कि एकता ने इस फिल्म में ड्रग्स केंपेन को बखूबी उजागर किया है। बता दें ?कि एकता ने छोटे पर्दे के साथ ही बड़े पर्दे पर भी बतौर निर्माता खुद को साबित किया है। उनके टीवी सीरियल्स हों या फिर फिल्में, दर्शकों ने हमेशा उनके प्रोडक्शन में बनी फिल्मो को पसंद किया है। 2010 में एलएसडी रिलीज हुई, जिसकी प्रोड्यूसर एकता कपूर ही थीं। अब बालाजी टेलीफिल्म्सम ने फिल्म के दूसरे पार्ट की घोषणा कर दी है। एलएसडी2 की रिलीज डेट आउट हो चुकी है। एकता कपूर ने एलएसडी 2 का पोस्टर शेयर किया, जिसमें एक शख्स ड्रग्स लेते देखा जा सकता है। यह फिल्म बिना किसी शक एक यूनिवर्सल अपील है, जो हर पीढ़ी को एक्साइट करती है। फिल्म का कंटेंट कुछ इस तरह का है कि यह जेनरेशन जेड को भी अपनी ओर आकर्षित करती है। एकता कपूर के एलान के मुताबिक, फिल्म 16 फरवरी, 2024 को रिलीज होगी।

एक कपूर की पहली फिल्म फैंस को काफी पसंद आई थी। दिलचस्प होगा कि क्या दूसरा पार्ट भी दर्शकों को लुभा पाता है या नहीं। पहले पार्ट में राजकुमार राव, नुरसत भरूचा, नेहा चौहान और अनशुमान झा लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी कैमरे में कैद हुई ऑनर किलिंग की घटना, एमएमएस स्कैंडल और कास्टिंग काउच विक्टिम पर आधारित थी। दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी एलएसडी 2 की रिलीज डेट 16 फरवरी, 2024 है। इसी दिन अक्षय कुमार की अनटाइटल्ड फिल्म भी रिलीज होगी।

# म्यूजिक के साथ एक्सपेरिमेंट करना चाहते थे संधू

म्यूजिक सेंसेशन हार्डी संधू ने कहा कि वह अपने लेटेस्ट एक्सटेंडेड प्ले (ईपी)- जिसका टाइटल प्लेजर्स है, के साथ खुद को क्रिएटिव तौर पर चैलेंज करना और म्यूजिक के साथ एक्सपेरिमेंट करना चाहते थे। एल्बम में डांस, पॉप, रोमांस और हार्टब्रेक ट्रैक सहित अलग-अलग शैलियां शामिल हैं। वार्नर म्यूजिक इंडिया और हार्डी, जिन्होंने इस ईपी पर कॉलैबोरेट किया है, ने पांच शानदार गाने पेश किए हैं जो स्टोरी टेलिंग के स्टाइल को प्रदर्शित करते हैं। ईपी का पहला ट्रैक साइको है।ईपी लॉन्च के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, हार्डी ने कहा, मेरा मानना है कि एक आर्टिस्ट के तौर पर लगातार आगे बढ़ते रहना और नए टेरिटरी को एक्सप्लोर करना बहुत महत्वपूर्ण है, और अपने पूरे करियर के दौरान, मैंने भी ऐसा ही करने का प्रयास किया है। प्लेजर्स के साथ, मैं क्रिएटिव तौर से खुद कौ चैलेंज करना चाहता हूं, म्यूजिक के साथ एक्सपेरिमेंट करना चाहता हूं। ईपी का हर एक गाना एक कलाकार के रूप में मेरे ग्रोथ के यूनिक चैप्टर का प्रतिनिधित्व करता है।




# फिल्म ट्रायल पीरियड का ट्रेलर जारी




फिल्म ट्रायल पीरियड के निर्माताओं ने ट्रेलर जारी किया। इस फिल्म में जेनेलिया देशमुख और मानव कौल ने प्रमुख भूमिका निभाई है।अलेया सेन द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म में लीड रोल में जेनेलिया, मानव, शक्ति कपूर, शीबा चड्ढा, गजराज राव और जिदान ब्रेज जैसे शानदार कलाकार हैं।ज्योति देशपांडे द्वारा प्रोड्यूस, जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, क्रोम पिक्चर्स प्रोडक्शन, हेमंत भंडारी, अमित रविंदरनाथ शर्मा और अलेया सेन द्वारा निर्मित यह फिल्म 21 जुलाई को जियोसिनेमा पर रिलीज होगी। फिल्म में जेनेलिया सिंगल मदर का रोल निभा रही हैं।उसका बेटा 30 दिनों की ट्रायल पीरियड पर नए पापा की डिमांड करता है। बच्चे की जिद के आगे जेनेलिया उज्जैन से एक अनुशासित प्रजापति द्विवेदी को नए पापा के जॉब पर घर लाती है, जिसे प्यार से पीडी कहते है। नए पापा का किरदार मानव ने निभाया है, जो मां और बेटे की उम्मीदों के बिल्कुल विपरीत है। आगे जो कुछ है, वह प्यार और दोस्ती की एक प्यार कहानी है।

# विक्की कौशल -तृप्ति स्टारर मूवी को लेकर आया बड़ा अपडेट



बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की हालिया रिलीज जरा हटके जरा बचके ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल कर दिया। सारा अली खान के साथ पर्दे पर उनकी जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। अब विक्की एक और फिल्म के साथ पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। विक्की कौशल अपनी अपकमिंग फिल्म में कला अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। करण जौहर की निर्मित फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने बताया कि विक्की-तृप्ति स्टारर अपकमिंग मूवी 23 फरवरी 2024 को थिएटर्स में दस्तक देगी।

तृप्ति ने फिल्म के रिलीज डेट की अनाउंसमेंट करते हुए अपनी एक्साइटमेंट शेयर की है। उन्होंने पोस्ट शेयर कर कैप्शन में लिखा, यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इतने अच्छे लोगों के साथ काम करने के अनुभव और प्यार से बेहतर और कुछ नहीं हो सकता है। जुनून.. खुशी...हंसी और बहुत सारी भावनाएं 23 फरवरी 2024 को हमारे साथ हैं। अमेजन प्राइम और धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म में विक्की कौशल के साथ तृप्ति डिमरी और पंजाबी अभिनेता एमी विर्क भी लीड रोल में दिखाई देने वाले हैं। इसका निर्देशन आनंद तिवारी कर रहे हैं। विक्की और तृप्ति पहली बार साथ में स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। फिलहाल, अभी फिल्म के टाइटल की घोषणा नहीं हुई है।

तृप्ति डिमरी को आखिरी बार नेटफ्लिक्स फिल्म कला में देखा गया था, जिसका निर्माण अनुष्का शर्मा और उनके भाई कर्णेश शर्मा ने किया था। फिल्म में तृप्ति की अदाकारी ने व्यूअर्स का दिल जीत लिया था। वह बुलबुल और लैला-मजनू जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।

# इटली में बच्चों संग छुट्टियां बिता रहे करीना-सैफ

करीना कपूर खान और सैफ अली खान इन दिनों इटली की सैर पर हैं। वह अपने दोनों बेटों तैमूर और जेह के साथ इटली में समर वेकेशन बिता रहे हैं। अपने सोशल एकाउंट पर उन्होंने वहां की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। गौरतलब है ?कि करीना इंस्टाग्राम पर अपने परिवार और दोस्तों के साथ छुट्टियों की तस्वीरें शेयर करती रही हैं। तस्वीरों में करीना को स्काई ब्लू स्ट्रिप शर्ट, खुले बाल और ओवरसाइज्ड सनग्लासेस पहने हुए देखा जा सकता हैं। वहीं इसके बैकग्राउंड में समुद्र नजर आ रहा है। एक अन्य तस्वीर में, करीना येलो कलर का फ्लोरल को-ऑर्ड सेट पहने नजर आ रही हैं, जबकि सैफ नेवी ब्लू शर्ट, डेनिम और ब्लेजर में दिख रहे हैं। लवबर्ड्स को अपने दोस्तों के साथ खाने-पीने का लुत्फ उठाते देखा जा सकता है। करीना ने फोटो को कैप्शन दिया- नेग्रोनी नाइट्स, बैकग्राउंड में एक सुंदर झील का व्यू नजर आ रहा है। वहीं एक फोटो में करीना सफेद शर्ट, नियॉन रंग की बिकिनी पहने हुए हैं, जिसमें जेह की प्यारी झलक भी दिख रही है। उधर क्लिक में बैकग्राउंड में सैफ भी है। करीना ने हाल ही में अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह पीले रंग का को-ऑर्ड सेट पहने हुए देखी जा सकती हैं, उनकी पीठ कैमरे की ओर है और वह अपने आस-पास की सुंदरता को निहार रही हैं। तस्वीर को इंद्रधनुष इमोजी के साथ कैप्शन दिया गया है और लिखा- स्टेट ऑफ माइंड.. सोमवार को जब वी मेट की एक्ट्रेस ने सैफ के साथ तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें वे लंच करते नजर आ रहे है। करीना ने ब्लू शर्ट और रेड बिकिनी पहनी है, जबकि सैफ ने ब्लू शर्ट और टोपी पहनी हुई है।

